● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 80, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 24 अप्रैल 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



बृजभूषण सिंह का कट सकता है टिकट 5

आईपीएल में युजवेंद्र चहल ने रचा इतिहास 6



# पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर

## पेयजल की समीक्षा बैठक संपन्न

### उपखण्ड स्तर पर पेयजल आपूर्ति की नियमित समीक्षा की जाएगी



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पेयजल की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिले की पेयजल आपूर्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र की सभी बसाहटों में पेयजल आपूर्ति की सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि समस्त उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) अपने क्षेत्र के नगरीय निकायों तथा ग्रामीण निकायों के संबंधित अधिकारियों की नियमित अंतराल में बैठक आयोजित कर पेयजल आपूर्ति की नियमित निगरानी रखें। ऐसी बसाहटें जहाँ गत वर्ष पेयजल आपूर्ति में समस्या आई हो तथा इस वर्ष भी प्रारंभिक आंकलन के आधार पर समस्या आने की संभावना हो उसके लिए कार्ययोजना तैयार कर लें। उन्होने कहा कि यह ध्यान रखें कि किसी भी ग्राम या बसाहट में पेयजल की समस्या नहीं हो। जहां भी हैण्डपम्प खराब होने की सूचना प्राप्त हो उसे तत्काल ठीक कराना सुनिश्चित करें। जहां आवश्यक हो तो सिंगल फेस मोटर पम्प डालकर पानी की समस्या का निराकृत करें। खराब हो चुके हैण्डपम्पों की मरम्मत की जाये। यदि इसके बाद भी पेयजल की समस्या आती है तो परिवहन के अंतिम विकल्प का प्रयोग कर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। कलेक्टर ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से निरंतर संवाद बनाकर रखने को कहा है। जनप्रतिनिधियों से पेयजल संबंधी शिकायतों के प्राप्त होने पर तत्परता से उसका निराकरण सुनिश्चित करायें।

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण होने चाहिए। इसके साथ ही कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण किया जाए जिससे नागरिकों को समय पर पीने के लिए पानी उपलब्ध हो सके। कलेक्टर द्वारा ईई पीएचई को निर्देशित किया गया है कि 55 पूर्ण कार्यों का सत्यापन करा लें और प्रगतिरत कार्यों को 20 मई तक पूर्ण करने के प्रयास किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि प्रगतिरत कार्यों के सोर्स पर पानी की सप्लाई प्रारंभ करने को प्राथमिकता दें। कलेक्टर ने जल निगम द्वारा प्रगतिरत समूह नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। इसी प्रकार कलेक्टर ने नगरीय निकायों में पेयजल आपूर्ति सतत रूप से जारी रखने तथा पेयजल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी कुसमी एसपी मिश्रा, सिहावल प्रशांत त्रिपाठी, गोपद बनास प्रिया पाठक, मझौली आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलेष द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी त्रिलोक सिंह बड़कडे, जीएम जल निगम विवेक कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी अशोक तिवारी, सिहावल शैलेश पाण्डेय, मझौली एसएन द्विवेदी, कुसमी ज्ञानेंद्र मिश्रा, सीएमओ नगर पालिका सीधी मिनी अग्रवाल सहित संबंधित अधिकार उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने की रबी उपार्जन की समीक्षा

## गेंहू उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें : कलेक्टर



**सीधी।** गेंहू उपार्जन केन्द्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गेहूं उपार्जन केन्द्रों की सतत रूप से निगरानी रखी जाए तथा अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में किसानों की पेयजल, बैठने के लिए छायादार स्थान आदि सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। साथ ही उपार्जन कार्य के सुचारू संचालन के लिए निर्धारित मात्रा में तौल कांटे, सिलाई मशीन, बारदाने, गेंहू सफाई के लिए चलना आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण गेंहू की खरीदी की जाए। उपार्जन कार्य में अनियमितता पाए जाने पर कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया है कि उपार्जन अवधि के दौरान केन्द्र में फसल विक्रय हेतु आए हुए कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसको दृष्टिगत रखते हुए केन्द्र पर भौतिक व्यवस्थाएं किया जाना सुनिश्चित करें। कृषकों से उपार्जन का कार्य सप्ताह में 05 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 08 बजे से शाम 08 बजे तक किया जायेगा एवं कृषक तौल पर्ची अनिवार्यतः शायं 6 बजे तक जारी की जाएगी। हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन एवं निर्बाध विद्युत सुविधा उपार्जन केन्द्रों द्वारा अनिवार्यतः की जावे। इलेक्ट्रानिक उपकरण-कम्प्यूटर, प्रिंटर, डोंगल, स्केनर, यू.पी.एस. लैपटाप, बैटरी आदि पर्याप्त मात्रा में उपार्जन केन्द्रों पर रखी जावें। जन सुविधाएं यथा- दरिया, टेबल कुर्सी, पेयजल, शौचालय, छाया, बिजली आदि की व्यवस्था अनिवार्यतः की जावे। उपार्जन उपकरण यथा- ऐनेलाग मोश्चर मीटर, बड़ा छन्ना, पंखे, परखी आदि अनिवार्यतः रखे जावें। सूचना पटल, उपार्जन बैनर तथा सामान्य जानकारी-एफ.ए.क्यू. गुणवत्ता का मापदण्ड, भुगतान एवं टोल-फ्री नम्बर का प्रदर्शन, केन्द्रों के उपयुक्त स्थलों पर किसानों हेतु प्रदर्शन किया जावे।

इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की भी विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर तथा प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी नीलेश शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्ट्रांग रूम को अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि सीसीटीव्ही के माध्यम से कर सकेंगे निगरानी, व्यवस्थाएं की गई सुनिश्चित

**शहडोल।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने जानकारी दी है कि 19.04.2024 को लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न होने के पश्चात मतांकन उपरांत ईव्हीएम मशीने शा. पॉलिटेक्निक कॉलेज शहडोल के स्ट्रांग रूम में डबल लॉक में सुरक्षित अभिरक्षा में रखी हुई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम सुरक्षा हेतु शा. पॉलिटेक्निक कॉलेज में त्रिस्तरीय सशस्त्र बल तैनात है। प्रथम स्तर पर (आंतरिक सुरक्षा) में आवश्यक सीएपीएफ बल तैनात किया गया है। सीएपीएफ का आवश्यक सशस्त्र बल सुरक्षा हेतु तैनात रहेगा। द्वितीय स्तर मध्य का रहेगा इस स्तर की सुरक्षा हेतु विशेष सशस्त्र बल का गार्ड तैनात किया गया है। तृतीय स्तर बाह्य सुरक्षा रहेगी। जिस हेतु स्थानीय जिला पुलिस बल तैनात किया गया है। अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा स्ट्रांग रूम के डबल लॉक की निगरानी हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा हेतु सीसीटीवी कैमरे एवं स्क्रीन की व्यवस्था की गई है साथ ही पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों के ठहरने हेतु उचित व्यवस्था की गई है। निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था पॉलिटेक्निक कॉलेज शहडोल में सुनिश्चित कर ली गई है। शा. पॉलिटेक्निक कॉलेज में 24 घंटे कन्ट्रोल रूम संचालित है। स्ट्रांग रूम के बाहर व पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था की गई हैं। कंट्रोल रूम प्रभारी, श्री विष्णुकांत विश्वकर्मा, जिला प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शहडोल को नियुक्त किया गया है।

# हनुमान के बिना न राम होते और न रामायण बनते है : सूर्य प्रकाश

## हनुमान अपनी भक्ति और सेवा भाव से सबको जोड़ते है : उमेश



**सीधी।** यूसीएन मास पब्लिक स्कूल के संचालक एवं सभी बच्चों ने मिलकर हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती मनायी। बच्चो ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। साथ ही राम धुन के साथ - साथ आया जन्मदिवस राम भक्त हनुमान का, अंजनी के लाल का, पवन पुत्र हनुमान का, बोलो सब मिलकर जयकार हनुमान की। सब को बधाई जन्म दिवस हनुमान की, आदि गीत गाये। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बच्चों को श्री हनुमान जी की गाथा के बारे कुछ रोचक तथ्यों की जानकारी दी गई। आज हनुमान जन्मोत्सव का पर्व है। आज के दिन हनुमंत उपासना और साधना करने से बजरंगबली की विशेष कृपा मिलती है। ऐसी मान्यता है कि प्रतिदिन रामभक्त हनुमान की पूजा, उपासना और चालीसा का पाठ करने से सभी तरह की मनोकामनाएं पूरी होती है।

सर ने बच्चो को बताया कि हनुमान जी की आराधना करने से अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता असवर दीन जानकी माता। कहने तात्पर्य यह है बच्चो माता सीता ने हनुमानजी को आठ सिद्धियां और नौ निधि का आशीर्वाद दिया था।

उमेश सर ने बच्चो को बताया कि हनुमान जी को सिंदूर बेहद प्रिय है। इसे चढ़ाने के लिए मंगलवार और शनिवार का दिन शुभ माना गया है। सर ने बताया कि जब सीता माता ने चुटकी सिंदूर माँग में भरा और राम जी प्रसन्न हो गया यह देखकर हनुमान को लगा की सीता माँ थोड़ा सा सिंदूर लगाया और श्रीराम प्रसन्न तो हनुमान ने अपने पूरे शरीर को सिंदूर से लाल कर लिया। तब से लेकर आज तक हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए सिंदूर चढ़ान की प्रथा लगातार चलती चली आ रही है। हम सभी हनुमान जी से प्रेरणा पाते है सब कुछ करने के बावजूद अपना पूरा श्रेय राम जी को देते है। इसलिए बच्चों को कभी अभिमानी नहीं होना चाहिए और स्वाभीमान की रक्षा हनुमान जी की तरह होनी चाहिए। बच्चो को यह भी बताया गया है हनुमान व शक्ति और संबल है जिन्होने ने समस्त प्रजाति वनवासियों एवं वन बंधुओं को मान और सम्मान का अधिकार दिलाया। इस शुभ अवसर पर यू.सी.एन. मास पब्लिक स्कूल की तरफ से समस्त सीधी वासियों को हनुमान जयंती की शुभकामनायें दी गई।

# अमरकंटक के सौंदर्यीकरण के कार्य तेजी से कराएं पूर्ण : कमिश्नर

## कमिश्नर ने अमरकंटक के सौंदर्यीकरण के कार्यों की समीक्षा की

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस. जामोद की उपस्थिति में आज अमरकंटक के सौंदर्यीकरण के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर अनूपपुर श्री आशीष वशिष्ठ, संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती निमिषा पांडेय, अनविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में अमरकंटक में किए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि अमरकंटक में कराए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों को गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ तेजी से पूर्ण कराया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि अमरकंटक में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करें तथा सौंदर्यीकरण के कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित कराएं।

समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने अमरकंटक नगर के मेला ग्राउण्ड, मां नर्मदा मंदिर परिसर, सोनमूड़ा, रामघाट, माई की बगिया, कपिलधारा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अमरकंटक को पर्यावरणीय और पर्यटन की दृष्टिकोण से नेचुरल ब्यूटी को विकसित करना है। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने कहा कि अमरकंटक में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अमरकंटक ही नही इसके आसपास के प्राकृतिक सुन्दरता को विकसित करने की आवश्यकता है। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने अमरकंटक क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। बैठक में सहायक कलेक्टर श्री महिपाल सिंह गुर्जर एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# रेस्टोरेंट एवं होटलों के खाद्य पदार्थों का किया गया निरीक्षण

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मिलावट के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आर के सोनी द्वारा अर्बन पिण्ड रेस्टोरेंट एवं इंडियन कॉफी हाउस शहडोल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किचेन में साफ-सफाई के निर्देश दिए गए साथ ही बासी एवं खराब खाद्य पदार्थ को किचन से हटाने के निर्देश दिए गए। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सामग्री के सही रख-रखाव के भी निर्देश दिए गए। इसी प्रकार श्री एस के तिवारी द्वारा वैभव रेस्टोरेंट एवं वर्षा रेस्टोरेंट जयसिंहनगर का भी निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

# उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

## 5 वी में 96 फीसदी व 8वीं में 88 फीसदी से अधिक छात्र - छात्राओं ने अर्जित की सफलता

**शहडोल।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आज 5 वी एवं 8 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। कलेक्टर श्री तरूण भटनागर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन ने 5 वीं एवं 8 वीं कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाए दी। कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने कहा कि शहडोल जिले के पाँचवी और आठवीं कक्षा के परिणाम घोषित हुए हैं। उन्होंने उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं , उनके पालकों और शिक्षकों को बधाई प्रेषित की है। कलेक्टर ने कहा कि पाँचवी और आठवीं का यह परिणाम जो कि वर्ष भर की लगन और समझ का परिणाम है कई मायनों में उत्साहवर्धक है। पाँचवी में 96त्न से अधिक और आठवीं में 88त्न से अधिक छात्र - छात्राओं ने सफलता हासिल की है और दोनों ही कक्षाओं का परिणाम राज्य के औसत परिणाम से बेहतर है. शहडोल जिले के पाँचवी के छात्र- छात्राओं की लगन और मेहनत का नतीजा है कि इस कक्षा के परिणाम से शहडोल जिला राज्य के दस सबसे बेहतर परिणाम देने वाले जिलों में शामिल हुआ. इस कक्षा के 29त्न से ज्यादा बच्चों ने+ और ग्रेड में अंक हासिल किये।

# उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया गया विश्व वसुंधरा दिवस



**सीधी**

पृथ्वी को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त रखने हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष दी गई थीम प्लास्टिक बनाम प्लेनेट पर आधारित कार्यशाला का आयोजन पृथ्वी दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शंभू नाथ त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्लास्टिक रूपी राक्षस पृथ्वी और उसके पर्यावरण को विभिन्न तरीके से प्रदूषित कर रहा है। यह प्रदूषण रूपी राक्षस एक दिन में तो खत्म नहीं होगा पर हम सब लोगों के कृत संकल्पित होने पर जरूर एक न एक दिन समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि धरती हमारी जगत जननी है इससे हमें जीवन की सारी आवश्यक वस्तुएं मिलती हैं, इसे हमें प्रदूषण से बचानाही होगा। पृथ्वी दिवस पर कार्यशाला में बोलते हुए जिला मास्टर ट्रेनर एवं क्विज मास्टर वीरेंद्र सिंह बघेल ने कहा कि हमें प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण को रोकना है तो सरकार के साथ-साथ हमें इसके विकल्पों पर सोचना होगा। हमें पॉलिथीन बैग के स्थान पर कपड़े के बैग का इस्तेमाल करना होगा तथा सरकार को ऐसे योजनाएं चलानी होगी जिससे इसको इकट्ठा कर पुनरुपयोग किया जा सके और जल जमीन तथा जानवरों में इससे होने वाले संभावित नुकसान से बचा जा सके। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली तथा वृक्षारोपण करके प्रदूषण को खत्म करने की प्रतिज्ञा ली। कार्यशाला में इको क्लब प्रभारी ओंकार केसरी, रोहिणी प्रसाद पाठक डॉक्टर संजीव त्रिपाठी, राजबली सिंह, पवन द्विवेदी, आरती पांडे, शशि गौतम, विजय सिंह, अरुण मिश्रा, आर.के. मांझी आदि शिक्षकों ने प्रदूषण को रोकने के उपायों पर चर्चा की तथा सभी ने नए सत्र से कक्षा के दौरान पांच मिनट पर्यावरण दिवस के बारे मे चर्चा करने प्रतिज्ञा ली।

# कक्षा 5वीं एवं 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

## सीधी जिला 5वीं में प्रदेश में 17 वें स्थान तथा 8वीं में 27वें स्थान पर रहा

**सीधी।** जिला परियोजना समन्वयक ने जानकारी देकर बताया है कि वर्ष 2023-2024 में कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। जिसमें सीधी जिला प्रदेश के 17वें स्थान पर एवं संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया जा चुका है जिसमें सीधी जिला प्रदेश के 27वां स्थान एवं संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उन्होने बताया कि वर्ष 2023-2024 में कक्षा 5वीं में जिले के 24896 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 23494 छात्र उत्तीर्ण हुए परीक्षा परिणाम 94.37 प्रतिशत रहा, जिसमें से ए प्लस एवं ए ग्रेड में 6119 छात्र (24.58 प्रतिशत) रहे। विकासखण्ड कुसमी अंतर्गत 1900 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 1877 छात्र उत्तीर्ण परीक्षा परिणाम 98.79 प्रतिशत रहा, जिसमें से ए प्लस एवं ए ग्रेड में 513 छात्र (27 प्रतिशत) रहे। विकासखण्ड मझौली अंतर्गत 3648 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 3549 छात्र उत्तीर्ण जिसका परीक्षा परिणाम 97.29 प्रतिशत रहा। जिसमें से ए प्लस एवं ए ग्रेड में 1035 छात्र (28.37 प्रतिशत) रहे। विकासखण्ड सीधी अंतर्गत 8026 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 7385 छात्र उत्तीर्ण जिसका परीक्षा परिणाम 92.01 प्रतिशत रहा, जिसमें से ए प्लस एवं ए ग्रेड में 1910 छात्र (23.80 प्रतिशत) रहे। विकासखण्ड रामपुर नैकिन अंतर्गत 4992 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 4718 छात्र उत्तीर्ण जिसका परीक्षा परिणाम 94.51 प्रतिशत रहा, जिसमें से ए प्लस एवं ए ग्रेड में 1172 छात्र (23.48 प्रतिशत) रहे। विकासखण्ड सिहावल अंतर्गत 6330 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 5965 छात्र उत्तीर्ण जिसका परीक्षा परिणाम 94.23 प्रतिशत रहा, जिसमें से ए प्लस एवं ए ग्रेड में 1489 छात्र (23.52 प्रतिशत) रहे। उन्होने बताया कि वर्ष 2023-2024 में कक्षा 8वीं में जिले के 23462 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 21063 छात्र उत्तीर्ण जिसका परीक्षा परिणाम 89.77 प्रतिशत रहा, जिसमें से ए प्लस एवं ए ग्रेड में 7629 छात्र (32.52 प्रतिशत) रहे। इसी प्रकार विकासखण्ड कुसमी अंतर्गत 1804 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 1717 छात्र उत्तीर्ण जिसका परीक्षा परिणाम 95.18 प्रतिशत रहा, जिसमें से ए प्लस एवं ए ग्रेड में 421 छात्र (23.34 प्रतिशत) रहे। विकासखण्ड मझौली अंतर्गत 3407 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 3133 छात्र उत्तीर्ण जिसका परीक्षा परिणाम 91.96 प्रतिशत रहा, जिसमें से ए प्लस एवं ए ग्रेड में 1072 छात्र (31.46 प्रतिशत) रहे। विकासखण्ड सीधी अंतर्गत 7711 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 6659 छात्र उत्तीर्ण जिसका परीक्षा परिणाम 86.36 प्रतिशत रहा, जिसमें से ए प्लस एवं ए ग्रेड में 2603 छात्र (33.76 प्रतिशत) रहे। विकासखण्ड रामपुर नैकिन अंतर्गत 5029 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 4610 छात्र उत्तीर्ण जिसका परीक्षा परिणाम 91.58 प्रतिशत रहा, जिसमें से ए प्लस एवं ए ग्रेड में 1839 छात्र (36.53 प्रतिशत) रहे। विकासखण्ड सिहावल अंतर्गत 5506 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 4944 छात्र उत्तीर्ण जिसका परीक्षा परिणाम 89.79 प्रतिशत रहा, जिसमें से ए प्लस एवं ए ग्रेड में 1694 छात्र (30.77 प्रतिशत) रहे। पिछले वर्ष की तुलना में कक्षा 5वीं एवं 8वीं के परिणाम में उल्लेखनीय वृद्धि 8 से 10 प्रतिशत हुई है। जिला परियोजना समन्वयक ने कहा कि यह उपलब्धि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पीएल मिश्रा के मार्गदर्शन में प्राप्त हुई है।

● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 80, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 24 अप्रैल 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





बृजभूषण सिंह का कट सकता है टिकट 5

आईपीएल में युजवेंद्र चहल ने रचा इतिहास 6

## कांग्रेस हमेशा से हिन्दू विरोधी रही है : नड्डा

### हमारी सरकार किसानों की आमदनी को दो गुना करने हेतु तेजी से काम कर रही है : डॉ. यादव

विशेष संवाददाता



**रीवा।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को रीवा पहुंचे। जहां उन्होंने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी व सांसद जनार्दन मिश्रा के पक्ष में आयोजित एसएएफ ग्राउण्ड में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से हिन्दू विरोधी रही है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने तो भगवान राम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाये। तो वहीं डीएमके पार्टी के एक नेता ने तो सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से कर डाली। हम बहुत ही सौभाग्यशाली हैं क्योंकि हम उस पार्टी के सदस्य हैं जिस पार्टी के नेता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। मोदी जी ने राजनीति की परिभाषा और संस्कृति को पूरी तरह बदल दी। ये चुनाव सिर्फ हमारे प्रत्याशियों को जिताने का चुनाव नहीं है बल्कि यह चुनाव हमारे प्रत्याशियों के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है और इसीलिए हमें एक मजबूत, स्थिर और निर्णायक सरकार चाहिए।

**हनुमानजी का जीवन सेवाभाव सिखाता हैः सीएम**

रीवा के एसएएएफ ग्राउण्ड में भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के पक्ष के सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हनुमानजी इस धरती पर अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं। उनका जीवन पराक्रम, पुरुषार्थ, बल, बुद्धि, ज्ञान से परिपूर्ण है। इतना होने के बाद भी उतनी ही विनम्रता और सेवा की भावना भी है। ये हमें मानव जीवन का सच्चे अर्थों में अपना संस्कार बताती है। उनका जीवन हमको सेवाभाव की सीख देता है। हनुमान जी कहते हैं कि मेरी पूजा और मेरे दर्शन करने आओ, इसके पहले श्रीराम जी को विराजित कर दो तो अपने आप आशीर्वाद मिल जाएगा। अगर रामायण में से हनुमानजी को एक तरफ कर लो तो लगता है रामायण अधूरी हो जाएगी। हनुमानजी के बिना ऐसा लगता है श्रीराम अधूरे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता के आशीर्वाद से भाजपा प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ 163 सीटें जीतकर सरकार में आई। इसके बाद 100 दिनों की सरकार में कई अहम निर्णय भी किए। हमारी सरकार ने निर्णय किया कि किसी व्यक्ति को बीमार होने, दुर्घटना होने पर एम्बुलेंस से अस्पताल तो पहुंचा दिया जाता है, लेकिन यदि उसे किसी बड़े शहर में किसी अस्पताल में ले जाना पड़े तो उसके लिए आयुष्मान योजना के तहत अब एयर एम्बुलेंस की सुविधा भी दी जाएगी। इसी तरह गौ माताओं के लिए भी एम्बुलेंस सुविधाएं शुरू की जाएंगी तो वहीं गौशालाओं को दी जाने वाली राशि भी बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की आमदनी को दोगुना करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

## मैं छत्तीसगढ़ को गारंटी देता हूं कि यहां से नक्सलवाद खत्म कर दूंगा : पीएम

**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में धमतरी के श्यामतराई में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। पीएम मोदी ने कहा- झारखंड में इंडी गठबंधन की रैली में एक-दूसरे के बीच विवाद हो गया। पहली बार ऐसा हो रहा है जहां दिल्ली में कांग्रेस का शाही परिवार वोट देने जाएगा, उस सीट परकांग्रेस का प्रत्याशी ही नहीं है। और ये लोग पूरे देश में वोट मांग रहे हैं। ऐसे लोगों पर छत्तीसगढ़ कैसे भरोसा कर सकता है। आज मैं आपसे विकसित छत्तीसगढ़ के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। मुझे भरोसा है कि आप सबसे जितने भी बार कुछ मांगा है, आपने निराश नहीं किया। छत्तीसगढ़ में कोयले की शक्ति है और वन संपदा का भंडार है। आपने जबसे मुझे पीएम बनाया है तबसे मेरे काम को देखा है। कोई छुट्टी लिए बिना मैं आपकी सेवा कर रहा हूं। मैंने अपने लिए कुछ



किया ऐसी कोई खबर आपने सुनी है।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद तेजी से छत्तीसगढ़ का विकास होगा। जहां-जहां कांग्रेस की सरकार बनी वहां हिंसा और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया। कांग्रेस के राज में ही छत्तीसगढ़ में नक्सली गतिविधियां बढ़ती रही। ये कांग्रेस का हिंसा से कौन सा नाता है। अपना भ्रष्टाचार छुपाने के लिए कांग्रेस हिंसा को बढ़ावा देती है। लोग जान गंवाते रहे और कांग्रेस अपनी तिजोरी भरती रही। अब छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद तेजी से कम हो रहा है। मैं छत्तीसगढ़ को गारंटी देता हूं कि यहां से नक्सलवाद खत्म कर दूंगा।

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनके पीएम कहते थे कि दिल्ली से एक रुपया चलता है तो गरीब तक 15 पैसे पहुंचते हैं। रास्ते में 85 पैसे कौन सा पंजा लूट लेता था। हमने देश में 150 करोड़ से ज्यादा जनधन खाते खोले। बीते 10 साल में भाजपा सरकार ने 34 लाख करोड़ सीधे लोगों के खाते में भेजे हैं। अगर कांग्रेस सरकार होती उन्होंने 34 लाख करोड़ रुपये भेजा होता तो 29 लाख करोड़ रुपये उनकी सरकार के बिचौलिए ही खा जाते। ये मोदी ने आपके लिए पैसे बचाए हैं।

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा- कांग्रेस कभी भी गरीब की पीड़ा नहीं समझती। सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए लोग गरीब मां की पीड़ा कैसे समझेंगे। मोदी यह पीड़ा समझ सकता है क्योंकि वो यह पीड़ा सहकर आया है।

## केजरीवाल की कस्टडी 7 मई तक बढ़ी

### जेल में पहली बार इंसुलिन दी गई, तिहाड़ प्रशासन बोला- शुगर लेवल 217 था, इसलिए कम खुराक दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार 23 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी। इसके पहले केजरीवाल की कस्टडी 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, फिर उसके बाद 23 अप्रैल तक बढ़ाई गई थी। कोर्ट के इस आदेश के बाद केजरीवाल अब लोकसभा चुनाव के दूसरे (26 अप्रैल) और तीसरे (7 मई) फेज की वोटिंग के दौरान भी जेल में रहेंगे। केजरीवाल के अलावा बीआरएस नेता के. कविता और एक अन्य आरोपी चरनप्रीत की कस्टडी भी 7 मई तक बढ़ा दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने सुनवाई के दौरान कहा कि के. कविता के केस में एजेंसी 60 दिन में चार्जशीट फाइल करेगी। ईडी ने शराब नीति केस में केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया था। 22 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई, जहां से उन्हें 28 मार्च तक श्वष्ठ की रिमांड पर भेजा गया। 1 अप्रैल से वे तिहाड़ जेल में हैं। इस बीच, तिहाड़ प्रशासन ने बताया कि केजरीवाल को सोमवार शाम इंसुलिन दी गई।



## तेलंगाना में 8 साल से बन रहा ब्रिज ढहा

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में 8 साल से बन रहा ब्रिज का एक हिस्सा सोमवार रात ढह गया। इलाके में तेज हवा चलने से करीब 100 फीट की दूरी पर स्थित दो खंभों के बीच के पांच में से दो कॉन्क्रीट गर्डर रात करीब 9.45 बजे ढह गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि बचे हुए तीन गर्डर की जो स्थिति है, उसे देखकर लगता है कि वो भी बहुत ज्यादा दिन नहीं टिकेंगे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना से एक मिनट पहले बारात को ले जा रही एक बस यहां से गुजरी थी।

## देश के सबसे बड़े नेता ने छोड़ी नैतिकता, सच्चाई के रास्ते पर नहीं चलते, प्रियंका का पीएम पर निशाना

**चित्रदुर्ग।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को संपन्न हो चुका है। अब दूसरे चरण का मतदान होना है। दूसरी ओर, सियासी नेताओं ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी हुई है। इसी कड़ी में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंन आरोप लगाया कि देश के सबसे बड़े नेता ने नैतिकता छोड़ दी हैं। लोगों के सामने नाटक करते हैं और सच्चाई के रास्ते पर



नहीं चलते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी आवाज दबाकर उसे कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उनके बैंक खाते जब्त किए जा रहे हैं। दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल दिया गया है। प्रियंका गांधी ने कहा, एक समय था जब एक नेता खड़ा होता था और देश के लोग उससे नैतिक व्यक्ति होने की उम्मीद करते थे। लेकिन आज देश के सबसे बड़े नेता ने नैतिकता को छोड़ दिया है और आपके सामने नाटक कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, एक समय था जब हम उम्मीद करते थे कि हमारे नेता सच्चाई के रास्ते पर चलेंगे। लेकिन आज देश का सबसे बड़ा नेता अपने रुख, अपने गौरव और अपनी प्रसिद्धि को दिखाने के लिए बाहर निकलता है।

## केरल के विधायक ने कहा- राहुल अपना डीएनए चेक कराएं

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में इंडिया ब्लॉक में सबकुछ ठीक नहीं है। लेफ्ट पार्टी ने वायनाड से राहुल गांधी के खिलाफ अपना उम्मीदवार उतारा है। अब उसके समर्थक निर्दलीय विधायक पीवी अनवर ने कहा है कि राहुल गांधी को अपना डीएनए चेक करवाना चाहिए। अनवर ने कहा कि वे बहुत नीचे गिर गए हैं। मुझे शक है कि राहुल गांधी का जन्म नेहरू परिवार में हुआ था। मेरे ख्याल से उन्हें अपने सरनेम में गांधी का भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

## जीतू पटवारी का सीएम पर तंज, बोले- आका की उम्मीद में खरा उतरने के लिए बदल रहे रंग

**भोपाल।** जीतू पटवारी ने सीएम मोहन यादव को लेकर कहा है कि उनकी आवाज और अंदाज बदले हुए नजर आ रहे हैं। मध्यप्रदेश में नफरत की दुकान बिलकुल नहीं चलती है और वो इस दुकान में गुजरात का सामान भरने की कोशिश न करें। पटवारी ने एक्स पर लिखा है कि आका की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए आपने भी रंग बदल लिया। मुझे तो लगा था कि पहले दौर के मतदान से केवल मोदीजी ही डरे हुए हैं।

आपकी आवाज और अंदाज में जो बदलाव दिखाई दे रहा है, वह भी उसी डर को जता-बता रहा है! पहले संदेह था अब पुख्ता यकीन हो गया है कि प्रधानमंत्री जी की तरह आपका सॉफ्टवेयर भी 2014 के बाद से अपडेट नहीं हुआ है। तभी तो चुनाव आते ही हिंदू-मुस्लिम और झंडे के कलर आपको भी याद आने लग गए, फरमान मिलते ही कुछ भी बोलने लग गए। प्रधानमंत्री के जिस झूठ पर पूरा देश आश्चर्य व्यक्त कर रहा है, दुनिया के मीडिया के साथ देश का गोदी मीडिया भी प्रमाणिक तौर पर खंडन कर रहा है, उसे बेबुनियाद झूठ को यदि 36 घंटे बाद भी आप दोहरा रहे हैं, तो यह फिर आपकी समझ पर उठने वाला सवाल है।

## अब समय आ गया अंतरराष्ट्रीय मामलों में बड़ी भूमिका निभाए : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और आसियान देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की पैरवी की। उन्होंने मंगलवार को कहा कि दोनों पक्ष ज्यादा सहयोग करके हिंद-प्रशांत क्षेत्र के उभरते क्षेत्रीय ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जयशंकर ने पहले आसियान फ्यूचर फोरम को डिजीटली संबोधित किया। उन्होंने कहा, हम आसियान एकता, आसियान केंद्रीयता और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर आसियान के नजरिए का समर्थन करते हैं। भारत मानता है कि एक मजबूत और एकीकृत आसियान हिंद-प्रशांत क्षेत्र के उभरते क्षेत्रीय ढांचे में रचनात्मक भूमिका निभा



सकता है। उन्होंने कहा, भारत के इंडो पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव (आईपीओआई) और आसियान आउटलुक ऑन इंडो पैसिफिक (एओआईपी) के बीच तालमेल हमारे भारत और आसियन के नेताओं के साझा बयान में परिलक्षित होता है। जो सहयोग के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करता है और जिसमें व्यापक सुरक्षा की चुनौतियों का समाधान शामिल है। भारत की मेजबानी में जी-20 शिखर सम्मेलन का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि अब समय आ गया है कि वैश्विक दक्षिण अंतरराष्ट्रीय मामलों में बड़ी भूमिका निभाए। पिछले साल हमारी जी-20 की अध्यक्षता के दौरान हमने कई आसियान सदस्यों की भागीदारी के साथ वर्चुअल वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ% शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। उन्होंने कहा, आज एक बहुध्रुवीय एशिया और एक बहुध्रुवीय विश्व तेजी से स्पष्ट हो रहे हैं। यह उभरती हुई विश्व व्यवस्था की हकीकतों से निपटने में आसियान और भारत की एक महत्वपूर्ण भूमिका को सामने लाता है। यह भारत और आसियान के बीच ज्यादा सहयोग और समन्वय की जरूरत पर जोर देता है।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नुक्कड़ सभा को किया संबोधित, बोले- अबकी बार 400 पार का नारा देश का मिशन

**शिवपुरी।** सिंधिया ने कहा कि देश में तीसरी बार जनता की मदद से भाजपा की सरकार बनने वाली है, जिसमें गुना लोकसभा क्षेत्र के भी योगदान की जरूरत है। सभी उपस्थित लोगों से ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाजपा को वोट देने की अपील की। सिंधिया ने कहा कि देश में हो रहे विकास कार्य बताते हैं कि किस तरह से भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने हर वर्ग की चिंता की है। सिंधिया ने अपने पिछोर विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान मुहासा में भी नुक्कड़ सभा संबोधित की। नुक्कड़ सभा के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है। आज किसान हो या महिला या कोई गरीब हो या युवा सबको विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और अवसंरचना विकास से लाभ मिल रहा है। सभा के दौरान सिंधिया ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की वह 7 मई को घरों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में निकलकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करते हुए कमल के चिंह पर अपने वोट का बटन दबाएं और भाजपा को जिताएं। इस वोट से अपने लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी जी के हाथों को मजबूत करें।

## झरोखा




## पतंजलि ने कहा- 67 अखबारों में माफीनामा छपवाया



**नई दिल्ली।** पतंजलि विज्ञापन केस में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच में पतंजलि की ओर से एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा- हमने माफीनामा फाइल कर दिया है। इसे 67 अखबारों में पब्लिश किया गया है। इस पर जस्टिस हिमा कोहली ने कहा- आपके विज्ञापन जैसे रहते थे, इस ऐड का भी साइज वही था? कृपया इन विज्ञापनों की कटिंग ले लें और हमें भेज दें। इन्हें बड़ा करने की जरूरत नहीं है। हम इसका वास्तविक साइज देखना चाहते हैं। ये हमारा निर्देश है।

जस्टिस कोहली ने कहा कि जब आप कोई विज्ञापन प्रकाशित करते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि हम उसे माइक्रोस्कोप से देखेंगे। सिर्फ पन्ने पर न हो, पढ़ा भी जाना चाहिए। कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को निर्देश दिया कि अगले दो दिन में वे ऑन रिकॉर्ड माफीनामा जारी करें, जिसमें लिखा हो कि उन्होंने गलती की। मामले की अगली सुनवाई अब 30 अप्रैल को होगी। पतंजलि आयुर्वेद ने सोमवार (22 अप्रैल) को कुछ न्यूज पेपर्स में माफीनामा प्रकाशित किया है। इसमें कहा कि पतंजलि आयुर्वेद सुप्रीम कोर्ट का पूरा सम्मान करता है। सुप्रीम कोर्ट में हमारे वकीलों ने हलफनामा पेश किया, उसके बाद हमने विज्ञापन प्रकाशित किया और प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

## मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद भी ब्रांड शिवराज कायम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भले ही विदिशा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हो, प्रदेश की अन्य सीटों पर भी उनकी डिमांड बढ़ गई है। भाजपा प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बाद उनकी सभा कराने की मांग कर रहे हैं। महिलाओं में भाई और मामा की छवि को भूनाने के लिए भाजपा ने भी ज्यादा से ज्यादा सीटों पर प्रचार की जिम्मेदारी उन्हें दी है।

भाजपा ने मध्य प्रदेश के लिए शिवराज को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। विदिशा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाने के बाद लगा था कि शिवराज वहीं बंधकर रह जाएंगे, लेकिन वे विदिशा से पहले भी पांच बार सांसद रहे हैं, उन्हें मैदानी गतिविधियों में जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। एक दौर का प्रचार वे अपने क्षेत्र में कर चुके हैं। अब दूसरे सीटों पर उनकी डिमांड बढ़ रही है। पार्टी की प्रादेशिक गतिविधियों में भी उनकी सक्रियता दिखी है। खासकर मध्य भारत की सीटों पर उनका प्रभाव है, जिसका फायदा पार्टी उठाना चाहती है। विदिशा में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। पार्टी को लग रहा है कि जो वक्त मिला है, उसका लाभ शिवराज की अन्य सीटों पर सभाओं के जरिये उठाया जा सकता है। मध्य प्रदेश की राजनीति मामलों के जानकार और वरिष्ठ पत्रकार दिनेश गुप्ता का कहना है कि शिवराज सिंह चौहान अब भी मध्य प्रदेश में भाजपा के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। महिलाओं में उनकी अपील



अब भी कायम है। इसी वजह से प्रत्याशी शिवराज की डिमांड कर रहे हैं। उनकी सभाएं, रैली अलग-अलग सीटों पर आयोजित भी हो रही है।

नवंबर-दिसंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनावों में शिवराज सिंह चौहान पार्टी के सबसे बड़े प्रचारक साबित हुए थे। उन्होंने तकरीबन प्रत्येक जिले में सभाएं की थी। चुनावी दौर में ही उन्होंने 165 सभाओं को संबोधित किया था। इसका फायदा भी पार्टी को मिला और 230 सीटों वाली विधानसभा में पार्टी ने 163 सीटों पर जीत हासिल की थी। शिवराज के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रदेश में 80 सभाओं को संबोधित किया था। इसके बाद अन्य नेताओं का नंबर आता है।

यदि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनकर आती है तो शिवराज सिंह चौहान को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। कोई बड़ा मंत्रालय उन्हें मिल सकता है। इन संभावनाओं के बीच पार्टी की राज्य इकाई भी शिवराज को महत्व दे रही है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के नामांकन का मामला हो या भोपाल में आलोक शर्मा के नामांकन का, हर जगह शिवराज की मौजूदगी ने उनकी लोकप्रियता को एक बार फिर साबित किया है। राजगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह के खिलाफ भी पार्टी शिवराज की लोकप्रियता का लाभ लेना चाहती है।

विधानसभा चुनाव 2023 के पहले शिवराज ने फिनिक्स पक्षी की तरह राख से फिर पैदा हो जाऊंगा। दरअसल विधानसभा चुनाव के पहले एक सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल हुआ था, जिसमें शिवराज सिंह चौहान का फोटो लगा कर लिखा था मामा का श्राद्ध। श्राद्ध में भाजपा ने शिवराज मामा को दिया टिकट। इस पर शिवराज सिंह चौहान ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा था कि फिनिक्स पक्षी की तरह राख से फिर पैदा हो जाएंगे। इसके पहले 2018 में विधानसभा चुनाव हारने के बाद कार्यकर्ता से कहा था कि अभी टाइगर जिंदा है।

संपादकीय

# क्यों जरूरी हैं तीन नए कानून?

देश के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में प्रस्तावित आमूल बदलाव को उस समय काफी ताकत मिली, जब शनिवार को सीजेआई डी वाय चंद्रचूड़ ने उसे युगांतकारी बताया। इस बदलाव का मुख्य वाहक बन रहे तीन कानून - भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - न केवल संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुके हैं बल्कि उन्हें राष्टपति की मंजूरी भी मिल चुकी है। ये कानून इस साल एक जुलाई से लागू होने वाले हैं। ष्टछ्वढ्ढ के बयान की अहमियत इस मायने में है कि प्रस्तावित बदलावों को लेकर समाज के कुछ हिस्सों में कुछ आशंकाओं के भी संकेत मिलते रहे हैं। इन्हीं आशंकाओं का एक रूप साल के शुरू में ट्रक ड्राइवरों की राष्ट्व्यापी हड़ताल के रूप में सामने आया। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस का कहना था कि ड्राइवरों ने अपनी पहल पर काम बंद किया है और इसके पीछे प्रस्तावित नए कानूनों के तहत हिट एंड रन मामलों के लिए किए गए सख्त प्रावधानों के दुरुपयोग का डर है। सरकार उस डर को निराधार बता रही थी। फिर भी उसने आश्वासन दिया कि इससे संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) को उनसे विचार-विमर्श के बाद ही लागू किया जाएगा। 1 जुलाई से तीनों कानूनों के बाकी प्रावधान लागू हो जाएंगे, लेकिन हिट एंड रन से जुड़े प्रावधानों के अमल पर रोक लगी रहेगी। जब भी कोई बड़ा बदलाव लाया जाता है तो उसे लेकर शंकाएं-आशंकाएं होती ही हैं। इन आशंकाओं को सही नजरिए के साथ परखने की जरूरत होती है। इस लिहाज से देखा जाए तो ष्टछ्वढ्ढ का ताजा बयान जहां बदलते दौर की जरूरतों के मद्देनजर प्रस्तावित बदलावों की अहमियत को रेखांकित करता है, वहीं यह भी बताता है कि इन बदलावों के पीछे जो मकसद हैं, वे अपने आप हासिल नहीं हो जाएंगे। उसके लिए कई स्तरों पर समानांतर प्रयास चलाए जाने की जरूरत है।

असल जरूरत यह समझने की है कि जब समाज और हमारा जीवन पूरी तरह से रूपांतरित हो रहा हो तब हम पुराने कानूनों से चिपके रहते हुए काम नहीं चला सकते। प्रस्तावित तीनों कानून हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में उस तरह के बदलाव लाने वाले हैं, जिनकी जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। तलाशी और जब्ती प्रक्रिया की ऑडियो-विजुअल रेकॉर्डिंग की बात हो या क्राइम सीन पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मौजूदगी की - जांच और न्याय प्रक्रिया में नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल सुनिश्चित करने वाले इन उपायों का विरोध करने की कोई सुसंगत वजह नहीं दिखती। मगर ऐसे बदलावों के दुरुपयोग की आशंकाओं को भी खारिज नहीं किया जा सकता। जाहिर है, ऐसे में खुले दिल-दिमाग के साथ सतर्कता बरतते हुए आगे बढ़ना ही सबसे सही विकल्प है। हां, नागरिक अधिकारों और डेटा सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता इसकी अनिवार्य शर्त होनी चाहिए।

# मतदाता की बेरुखी लोकतंत्र के लिए नहीं हैं अच्छे संकेत

**18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है।**

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है।

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिषत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिषत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिषत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिषत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ें आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यदि मतदाताओं का अगले चार चरणों के मतदान में भी यही रुख रहता है तो यह चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गैरसरकारी संगठनों सहित सभी के लिए चिंतनीय हो जाता है।



मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। आज मतदाताओं को किसी राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एक मतदान केन्द्र पर एक सीमा तक ही मतदाता होने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अब तो मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता क्रमांक से लेकर मतदान केन्द्र तक की जानकारी का समावेश करते हुए परची उपलब्ध कराई जाती है। सीनियर सिटिजन और मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रचार के सभी माध्यम यहां तक कि सोशियल मीडिया का उपयोग किया जाने लगा है। मतदान को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए संपूर्ण व्यवस्था चाक चोबंद की जाती है। राजनीतिक दलों और उम्मीद्वारों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां तक कि उम्मीद्वार से संबंधित जानकारी साझा की जाती है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था होती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता और लोगों में जागरुकता आई है। चुनाव आयोग के अलग अलग ऑब्जरवर द्वारा पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाती है ताकि राजनीतिक दलों या उम्मीद्वारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी गलत तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सके। इस सबके बावजूद मतदान कम होना गंभीर हो जाता है।

लोकसभा के पहले चुनाव 1952 में 44.87 प्रतिशत मतदान रहा था जो सर्वाधिक 67.40 प्रतिशत 2019 के 17 वीं लोकसभा के चुनाव में रहा। मतदान में उतार चढ़ाव तो देखा जाता रहा है पर चुनाव व्यवस्था के सरलीकरण, पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव की चाकचोबंद व्यवस्था, ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों में साक्षरता में बढ़ोतरी के बावजूद यदि मतदान प्रतिशत 90 के आंकड़ें को भी नहीं छूता है तो यह घोर निराशाजनक है। हांलाकि आजादी के बाद सर्वाधिक मतदान 1984 के 64.01 के आंकड़ें को 2014 में पीछे छोड़ा गया पर 2019 के पहले चरण के मतदान से निराशा ही हाथ लगी है। आखिर शिक्षित मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इतना गैरजिम्मेदार कैसे हो रहा है। सब कुछ को अलग कर दिया जाये तो भी इस बात से नहीं नकारा जा सकता कि देश के नागरिक का भी अपने देश के प्रति लोकतंत्र के प्रति दायित्व होता है। आखिर हम सरकार की आलोचना करने में तो पीछे नहीं रहते पर कभी हमने सोचा है क्या कि हम मताधिकार का उपयोग करने के अपने दायित्व को नहीं समझ पाते हैं। अपनी सरकार चुनने के अवसर पर हम हमारे दायित्व को कैसे भूल जाते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पीण भी अपने आप में गंभीर हो जाती है। भारत जैसे देश के आम नागरिकों द्वारा इस तरह से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी नहीं निभाना किसी अपराध से कम नहीं माना जाना चाहिए।

हमें गर्व होता है कि हमारे देश का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पर हमें उस समय नीचे देखने को भी मजबूर होना पड़ता है जब इतने बड़े लोकतंत्र के पर्व पर आमनागरिक अपने दायित्व को समझने और उसे पूरा करने की भूल कर बैठता है और मताधिकार का उपयोग नहीं कर व्यवस्था को ठेंगा बताने का प्रयास करते हैं। मेरा तो यहां तक मानना है कि नोटा का प्रयोग भी सही विकल्प नहीं है वहीं मतदान का बहिष्कार तो देशद्रोह से कम अपराध नहीं माना जाना चाहिए। चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, सर्वोच्च न्यायालय, सरकार गैरसरकारी संगठनों और समाज के प्रबुद्ध जनों को सोचना होगा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी आहुति देने के काम से मुहं मोड़ने वालों के प्रति कोई सख्त कदम जैसा प्रावधान होना ही चाहिए। कोई ना कोई ऐसा संदेश जाना चाहिए ताकि लोग मतदान के प्रति संवेदनशील हो और मतदान अवश्य करें। यह समूची व्यवस्था को ही सोचने को मजबूर कर देता है। आने वाले चार चरणों में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदाता हिस्सा ले इसके लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

# विकसित देश भारत के आर्थिक दर्शन को लागू कर अपनी आर्थिक समस्याओं का हल निकाल सकते हैं

(प्रह्लाद सबनानी)

अमेरिका के कुल कर्ज की स्थिति यह है कि आज अमेरिका का कुल कर्ज 34 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार करते हुए यह अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (28 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) का 123 प्रतिशत हो गया है, जो पूरे विश्व में समस्त देशों के बीच सबसे अधिक प्रतिशत है।

विश्व के कुछ विकसित देश, विशेष रूप से अमेरिका और ब्रिटेन, भारत को समय समय पर आर्थिक क्षेत्र में अपना ज्ञान प्रदान करते रहे हैं। परंतु, अब विश्व के आर्थिक धरातल पर परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं और भारत की स्थिति इस संदर्भ में बहुत सुदृढ़ होती जा रही है वहीं विकसित देशों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। अमेरिका स्थित निवेश बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान भारत के कुल कर्ज की स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहते रहे हैं कि भारत का कर्ज, सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में, तेजी से बढ़ता जा रहा है। जबकि, इसी मापदंड के आधार पर अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की स्थिति देखी जाय तो भारत की तुलना में इन देशों की स्थिति बहुत अधिक दयनीय स्थिति में पहुंच गई है, परंतु यह देश भारत को आज भी ज्ञान देते नहीं चूकते हैं कि भारत अपनी स्थिति में किस प्रकार सुधार करे।

अमेरिका के कुल कर्ज की स्थिति यह है कि आज अमेरिका का कुल कर्ज 34 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार करते हुए यह अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (28 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) का 123 प्रतिशत हो गया है, जो पूरे विश्व में समस्त देशों के बीच सबसे अधिक प्रतिशत है। अमेरिका आज प्रतिवर्ष अपने आय के कुल स्त्रोतों से अधिक ऋण ले रहा है। जब भी अमेरिकी सरकार को खर्च करने हेतु धन की आवश्यकता पड़ती है, वह बाजार में अमेरिकी बांड्ज जारी कर ऋण लेकर अपना काम चलाता है। यह बहुत ही गलत तरीका है परंतु अमेरिकी सरकार को आज भी इस बात की चिंता नहीं है। हालत यहां तक बिगड़ गए हैं कि अमेरिकी कानून द्वारा अमेरिकी सरकार के बाजार के ऋण लेने के लिए निर्धारित की गई अधिकतम सीमा भी पार हो जाती है एवं लगभग प्रत्येक तिमाही के अंतराल पर अमेरिकी संसद द्वारा ऋण लेने की इस अधिकतम सीमा को बढ़ाया जाता है, इसके बाद अमेरिकी सरकार बाजार से ऋण लेती है और अपने खर्चे चलाती है। यदि बाजार से ऋण लेने की सीमा को प्रत्येक तिमाही पश्चात अमेरिकी संसद द्वारा नहीं बढ़ाया जाय तो शायद अमेरिकी सरकार द्वारा अपने सामान्य खर्चों को चलाना ही असम्भव हो जाएगा। अमेरिका में आर्थिक क्षेत्र में हालत इस स्थिति में पहुंच गए हैं कि अमेरिकी सरकार को ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए भी बाजार से ऋण लेना पड़ रहा है। अमेरिकी सरकार द्वारा लगभग प्रत्येक 100 दिनों के अंतराल में 1 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण बाजार से लिया जा रहा है। ऋण पर अदा किए जाने वाले ब्याज की राशि आज अमेरिका के सुरक्षा बजट से भी अधिक हो गई है। आज प्रत्येक वर्ष अमेरिकी सरकार को 87,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि ऋण पर ब्याज के रूप में अदा करनी होती है जबकि अमेरिका का वार्षिक सुरक्षा बजट 82,200 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। उक्त परिस्थितियों के बीच अभी हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, जेपी मोर्गन चेज, बैंक आफ अमेरिका, ब्लैक रॉक, आदि वित्तीय संस्थानों के उच्च अधिकारियों ने अमेरिकी सरकार को चेतावनी दी है कि वह इस प्रकार के तरीकों को अपनाने से बाज आए अन्यथा अमेरिकी अर्थव्यवस्था को डूबने से कोई बचा नहीं सकेगा और इसका प्रभाव पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर पड़े बिना नहीं रहेगा। अमेरिका का बढ़ता ऋण पूरे विश्व में ब्याज दरों को प्रभावित कर रहा है, इससे विश्व में कई देशों को ब्याज दरों को बढ़ाना पड़ रहा है और ऋण की लागत के साथ ही विनिर्माण इकाईयों की उत्पादन लागत भी बढ़ रही है। आज विश्व के कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं, वैश्वीकरण के इस युग में, आपस में जुड़ी हुई हैं एवं एक दूसरे को प्रभावित कर रही हैं।

आज अमेरिका द्वारा अन्य देशों को ज्ञान देने के बजाय अपनी लगातार गर्त में जा रही अर्थव्यवस्था को सम्हालने के प्रयास करने चाहिए। अमेरिकी सरकार को अपने खर्चों पर नियंत्रण करते हुए अपने आय के साधनों को बढ़ाना चाहिए। न कि, भारत एवं अन्य विकासशील देशों को सीख दे कि ये देश अपने देश में किसानों को दी जा रही सब्सिडी/सुविधाओं में कटौती करें और अंतरराष्ट्रीय व्यापार करते समय अमेरिका द्वारा दी गई सलाह को ध्यान में रखें। आज अमेरिकी अर्थव्यवस्था की जो स्थिति है और विश्व के अन्य देश यदि अमेरिकी सलाह के अनुसार अपनी अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू करते हैं तो सम्भव है कि इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी संकट के बादल मंडराने लगें। अमेरिका में पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्था अब अंतिम सांसे लेती दिखाई दे रही है। यदि शीघ्र ही अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नहीं सम्हाला गया तो कई अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़े बिना नहीं रहेगा। भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या को लेकर भी पश्चिमी जगत अपनी चिंता व्यक्त करता रहता है। हाल ही में ब्रिटेन के एक सांसद ने इस सम्बंध में अपनी राय प्रकट करते हुए कहा है कि भारत को गरीबों की संख्या को कम करने हेतु कुछ विशेष उपाय करने चाहिए। इस प्रकार की सलाह देने वाले विदेशी नागरिक यह भूल जाते हैं कि पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है और अब यह लगभग 10 प्रतिशत तक रह गई है।

## वर्ग पहेली 5349



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह हमारे देश का राष्ट्रीय नारा है (6)
7. एक होने का भाव, अभिसार, आलिंगन (3)
8. चुंगी कर, भाड़ा, किराया (4)
9. कण का शब्द का अपभ्रंश (2)
10. फूलों की घनी गुथी हुई छोटी माला (3)
11. वैराग्य, विरति, संयास ग्रहण, दिलीप कुमार की तिहरी भूमिका वाली फिल्म (1967)(3)
12. मृदुल मंद समीर, ठंडी और धीमी हवा (3)
14. साधु संयासी के रहने का स्थान (2)
15. रसूल, ईशदूत, पैगंबर (2)
16. असफल, अयोग्य, अनुत्तीर्ण (3)
18. शास्त्रीय संगीत में गांधार स्वर (1)
20. ये तमिल तथा हिंदी फिल्मों के निर्देशक है जिन्हें पद्मश्री से नवाजा जा चुका है (5)
22. यह ऑट्रिया का सबसे बड़ा शहर है जो डेन्यूब नदी के किनारे स्थित है (3)
24. नदी किनारे का वह पक्का स्थान जहां लोग पानी भरते व स्नान करते है (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मजदूर (3)
2. सामंजस्य न होना, सामंजस्यहीन होना (6)
3. जंगल, कानन, अरण्य (2)
4. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
5. यह ईरान की राजधानी है (4)
6. गुलअदाम, फूल जैसा कोमल और मृदुल सुकुमार और सुगंधित शरीर वाला (4)
10. सूर्य का कए नाम यह भी है (5)
12. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
13. शंख, सुतही, मुक्तागार (2)
17. हसरत, आरजू, तमन्ना, आकांशा (3)
19. पद्य की रचना वाला (2)
21. स्त्री का नृत्य, आम नाच (2)
22. मेघ से संबंधित एक नक्षत्र (2)

**वर्ग पहेली 5348 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ण | म | म | ले | श्व | री | |
| र्ण | | त | ला | | स | ज | ना |
| | रू | प | या | | न | न | द |
| | प | त्र | | ज | | | ना |
| ब | ही | | ब | ल | कां | ड | |
| ज | न | क | रा | ज | | ल | ता |
| ना | ता | | ती | | | हौ | रा |
| | | लू | | | फौ | जी | |

# पश्चिम बंगाल में मोदी बनाम ममता की जंग

मुकूल वाजपेयी

पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक सात चरणों में मतदान होना है। 2019 की तरह इस बार भी ममता और मोदी आमने सामने हैं। ममता बनर्जी 13 साल से बंगाल की मुख्यमंत्री हैं और वह इसी दबदबे के आधार पर भाजपा की बढ़त को रोकने की हरसंभव कोशिश कर रही हैं। बंगाल का यह चुनाव भाजपा और तृणमूल दोनों पूरी तरह ध्रुवीकरण पर लड़ रही हैं। भाजपा का पूरा फोकस और प्रचार राम मंदिर निर्माण, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए), संदेशखाली में महिलाओं के साथ शोषण और प्रदेश में ममता राज में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे के इर्द गिर्द सिमटा हुआ है। भाजपा को उम्मीद है कि इन सब मुद्दों के दम पर वह 2019 में जीती 18 सीटों से आगे बढ़कर प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी बन जाएगी। लोकसभा चुनाव 2024 संसदीय क्षेत्र 7 प्रत्याशी 7 चुनाव तिथियां भाजपा इस लोकसभा चुनाव को 2026 के लिए वार्मअप चुनाव के रूप में भी देख रही है। उधर ममता बनर्जी प्रदेश के मुस्लिम नेताओं को साफ-साफ कह रही हैं कि भाजपा के आते ही सीएए और एनआरसी लागू हो जाएगा और आप लोगों से देश की नागरिकता छीन ली जाएगी। जब तक मैं हूं, आपको कोई हाथ भी नहीं लगा सकता। तृणमूल कांग्रेस ने इस बार घर घर बैठक पर चुनाव प्रचार अभियान पर फोकस किया है। ममता के छोटे-छोटे वीडियो हर घर में दिखाए जा रहे हैं जिसमे वह कह रही हैं कि जब तक ममता है, मोदी बंगाल में आ नहीं सकते। ममता बनर्जी जहां मुस्लिम वोटर्स को कांग्रेस और लेफ्ट मे जाने से रोकने में कामयाब लग रही हैं, वहीं ममता के मुस्लिम वोटर्स को काउंटर करने के लिए भाजपा एससी/एसटी और हिंदू वोटर्स को अपने पाले में लाने का हससंभव प्रयास कर रही है। मुस्लिम मतदाता पूरी तरह से ममता के साथ हैं। मुसलमानों को लगता है कि ममता के रहते सीएए और एनआरसी बंगाल में लागू नहीं होगा। ऐसे में मुसलमानों का एकमुश्त वोट ममता को मिलता दिख रहा है। बंगाल में ममता बनर्जी के पास मुसलमान वोटर के अलावा दो बड़े वोट बैंक भी हैं। महिला और अपर कास्ट बंगाली ब्राह्मण। महिलाएं ममता के लक्ष्मी भंडार और कन्याश्री योजनाओं से खुश हैं। बंगाली भद्रलोक यानी अपर कास्ट बंगाली ब्राह्मण करीब 3 से 4 प्रतिशत है। बंगाली ब्राह्मण खुद को सेकुलर साबित करने के लिए टीएमसी को वोट देते हैं। यह भद्रलोक प्रोग्रेसिव सोच को मानते हैं और भाजपा की हिन्दू राजनीति को पंसद नहीं करते हैं। इनको लगता है कि भाजपा इनके रहन सहन और संस्कृति को अपने हिंदुत्व एजेंडा से बदल देगी। 2024 के चुनाव में ममता मोदी पर भारी नजर आ रही थी, लेकिन संदेशखाली में महिलाओं के उत्पीड़न ने भाजपा के पक्ष में कुछ हद तक माहौल बना दिया है। जो संदेशखाली महिलाओं के उत्पीड़न को लेकर पूरे देश में चर्चा में आया वह बशीरहाट लोकसभा सीट में आता है। इसकी सरहद बांग्लादेश से सटी है। इस कारण अवैध घुसपैठ भी एक बड़ा मुद्दा है। बशीरहाट में आखरी फेज में वोटिंग है। टीएमसी ने विधायक हाजी नरूल इस्लाम को टिकट दिया है। हाजी नरूल इस्लाम 2009 से 2014 तक बशीरहाट से सांसद रहे हैं। बशीरहाट में मुस्लिम आबादी 45 प्रतिशत है। संदेशखाली एसटी बाहुल्य है। इसलिए भाजपा यहां एससी/एसटी की राजनीति कर रही है। भाजपा की उम्मीदवार रेखा पात्रा अनुसूचित जाति के बागड़ी समुदाय से आती हैं। मोदी कूचबिहार और जलपाईगुडी में रैली कर चुके हैं।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज का दिन शुभ है और आज आपको किसी मामले में जबर्दस्?त लाभ होगा। शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास के अच?छे योग है। काफी समय से लटके किसी कार्य में आपको सफलता मिलेगी। आपको आज शुभ कार्य में शामिल होने का मौका मिलेगा।

**वृषभ**

आज आपका मन किसी नए काम में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने से आपको लाभ होगा और सफल?ता मिलेगी। आपके लिए स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यालय में भी आपके अनुकूल माहौल तैयार होगा और भाग?य आपका साथ देगा।

**मिथुन**

आज का दिन काफी क्रिएटिव है और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आज आपको अपना पसंदीदा कार्य करने का मौका मिलेगा। आपको आज कुछ देर के लिए रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और उन पर अमल भी कर सकते हैं।

**कर्क**

आज का दिन बहुत क्रिएटिव होगा और आपको भाग?य का पूरा साथ मिलेगा। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आपको उसका फल मिलता चला जाएगा। अधूरे काम निपट जाएंगे और जरूरी कार्य पूर्ण होंगे।

**सिंह**

आज का दिन व?यस्?तता से भरा होगा और हर कदम पर भाग?य आपका साथ देगा। धर्म आध्यात्म के मामले में पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात का वक?त आराम से कटेगा।

**कन्या**

आज हर मामले में संयम और सावधानी रखने की जरूरत है। आज किसी से बात करने में विवाद से बचें तो आपके लिए अच?छा होगा। आस-पास के लोगों से टकराव न हो इस बात का ध?यान रखें। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

**तुला**

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। काम धंधे के मामले में कोई भी काम बिना सोचे न करें तो आपके लिए अच?छा होगा। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में आपस में सभी के साथ चर्चा करके ही कोई फैसला करें तो आपके लिए अच?छा होगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन काफी सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको बड़ा लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। या फिर नया कोई साइड बिजनस स?टार्ट कर सकते हैं। अपनों के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

**धनु**

आज का दिन हर मामले में काफी मजबूती से भरा होगा। आपको दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे तो जरूरी है कि आप अपने कार्य समय से पूरे कर लें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं तो लाभ होगा। नौकरी और व्यापार में कुछ नया करके आप लाभ पा सकते हैं। काम में नई जान आएगी।

**मकर**

आज का दिन बहुत सामान?य है और आपके सम?मान में वृद्धि के योग हैं। रोजमर्रा के घरेलू काम को पूरा करने का आज सुनहरा मौका है। आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है और उसमें आपका लाभ होगा। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें।

**कुंभ**

आज आपके कार्य सफल होंगे। आपके शरीर में कुछ विकार हो सकते हैं। खानपान में लापरवाही न बरतें। आज व्यापार के मामले में दिन सुखद बीतेगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। कानूनी विवाद में आपको सफलता मिलेगी और आपके धन में वृद्धि होगी।

**मीन**

व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 26 अप्रैल को सबसे ज्यादा वोटिंग वाले बूथ को दूंगा 2 लाख का इनाम, मतदान से पहले बीजेपी नेता का ऐलान



**त्रिपुरा/खोवाई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को है। तमाम दल आस लगाए हुए हैं कि पहले चरण के मुकाबले आगामी शुक्रवार को बड़ी संख्या में वोट डाले जाएंगे। इस बीच त्रिपुरा में मंत्री और बीजेपी के बड़े नेता ने ऐलान किया है कि जिस किसी बूथ में सबसे ज्यादा वोटिंग होगी, उसे वह दो लाख रुपए इनाम देंगे। पूर्वी त्रिपुरा लोकसभा क्षेत्र में मतदान से कुछ दिन पहले, त्रिपुरा के संसदीय कार्य मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता रतन लाल नाथ ने सोमवार को यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान में प्रतिशत के मामले में सबसे अधिक वोट पाने वाले खोवाई विधानसभा क्षेत्र के एक बूथ को 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। खोवाई विधानसभा क्षेत्र एसटी-आरक्षित पूर्वी त्रिपुरा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। खोवाई जिले में एक बूथ बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा, फ़खोवाई विधानसभा में आने वाले 52 में से जिस किसी भी बूथ पर प्रतिशत के मामले में सबसे अधिक वोट मिलेंगे, मैं व्यक्तिगत रूप से उस बूथ को इनाम के रूप में 2 लाख रुपये दूंगा। उन्होंने आगे कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा और 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में उनकी जमानत जब्त होने की पूरी संभावना है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष 19 अप्रैल को पश्चिम त्रिपुरा निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा के पहले चरण के मतदान के दौरान पोलिंग एजेंट भी उपलब्ध नहीं करा सका और बड़े पैमाने पर बूथ धांधली के बारे में गलत सूचना फैलाई गई।

### बर्थडे पर केक खाने से हुई लड़की मौत? जांच रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा



**पटियाला, एजेंसी।** पंजाब के पटियाला में केक खाने से 10 वर्षीय लड़की की मौत मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। सैंपल की जांच रिपोर्ट से पता चला है कि केक में सिंथेटिक स्वीटनर की मात्रा काफी अधिक थी। हालांकि, मौके से बरामद केक के सैंपल की रिपोर्ट अभी एफएसएल लैब भेजी जाएगी। बीते 24 मार्च को इस लड़की का जन्मदिन था। इस मौके पर पटियाला की एक बेकरी से ऑनलाइन ऑर्डर करके चॉकलेट केक मंगाया गया था। इसे खाने के बाद उसका पूरा परिवार बीमार पड़ गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय जिंदल ने बताया कि केक का सैंपल टेस्ट के लिए एकत्र किया गया था। रिपोर्ट से पता चला कि इसे पकाने के लिए उच्च मात्रा में सैकरीन का इस्तेमाल किया गया जो कि मीठा स्वाद वाला सिंथेटिक कंपाउंड है। आमतौर पर भोजन और पेय पदार्थों में थोड़ी मात्रा में सैकरीन का इस्तेमाल किया जाता है। यह आपके रक्त शर्करा के स्तर को तेजी से बढ़ा सकता है। अधिकारियों ने कहा कि बेकरी के खिलाफ जल्द ही ऐक्शन लिया जाएगा। साथ ही उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है। बेकरी मालिक के खिलाफ पहले ही स्न्द्धत्र दर्ज हो चुकी है। बता दें कि बर्थडे सेलिब्रेशन को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। इसमें मानवी अपनी मृत्यु से कुछ घंटे पहले केक काटते और परिवार के साथ जश्न मनाते नजर आई। मगर, केक खाने के कुछ घंटों बाद उसकी छोटी बहन सहित उसका पूरा परिवार बीमार पड़ गया। मानवी के दादा ने कहा कि लड़कियों को उल्टियां होने लगीं। मानवी ने भी शिकायत की कि उसका मुंह सूख रहा है और काफी प्यास लग रही है। इसके कुछ देर बाद उसकी हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई। परिवार के लोग जब मानवी को अस्पताल ले गए तो उसे ऑक्सीजन पर रखा गया। मगर, उसे बचाया नहीं जा सका।

### हिमालय की हवा में भी सांस लेना मुश्किल, प्रदूषण पर शोध में चौंकाने वाले खुलासे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेजी से बढ़ते वाहनों के कारण हिमालय की हवा प्रदूषित हो चुकी है। ताजा शोध में सामने आया है कि हवा में 80 फीसदी कार्बन का हिस्सा जीवाश्म ईंधन यानी पेट्रोल-डीजल के धुंए से फैल रहा है। पर्यटकों का बड़े पैमाने पर आवागमन इसका प्रमुख कारण है। 20 फीसदी हिस्सा सेकेंड्री सोर्स यानी बायोमास के जलने का है। आर्य भट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के शोधकर्ताओं और दिल्ली विश्वविद्यालय ने चार साल तक हिमालय के जटिल और प्राचीन भूभाग पर कार्बन युक्त एरोसोल का अध्ययन किया है। जिसमें पता चला कि हिमालय में वायु प्रदूषण पर जीवाश्म ईंधन के जलने का असर पूरे साल पड़ रहा है। शोध का नेतृत्व डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ने किया। जिसमें हिमालय की हवा में उपस्थित हर तरह के कार्बन की विभिन्न तरंग दैर्ध्य पर ऑप्टिकल अवशोषण में जांच की गई। शोध में सामने आया कि हिमालय में गाड़ियों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। इससे हवा में जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी बहुत अधिक बढ़ गई है। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार यह अध्ययन हिमालय के स्वास्थ्य और जलवायु में आ रहे बदलावों को समझने में मदद करेगा। अध्ययन के परिणामों से आगे की रणनीति बनाई जा सकेगी। शोध के अनुसार उत्तराखंड और हिमाचल में बीते दस सालों में वाहनों की आवाजाही 200 गुना से अधिक बढ़ गई है। ऑल वेदर रोड बन रही है।

# केरल में भाजपा केवल बैंक खाता खोल सकती है, चुनाव में जीत भूल जाइए- शशि थरूर



**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि केरल में भाजपा का केवल एक ही खाता खुल सकता है, वह है- बैंक में खाता। लोकसभा चुनाव में एक भी सीट पर जीत का सपना भूल जाइए। तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट के लिए भाजपा ने थरूर के खिलाफ केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को मैदान में उतारा है। थरूर ने जोर देकर कहा कि भाजपा केरल में अपने चुनावी मिशन में सफल नहीं होगी। बता दें कि इस सीट पर सीपीआई-एम ने भी अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। जिसे लेकर अभिनेता प्रकाश राज ने वापंथियों पर हमला बोला था। दावा किया था कि सीपीआई भाजपा के जाल में फंस गई। ऐसा नहीं होना चाहिए था।

तिरुवंतपुरम से कांग्रेस उम्मीदवार शशि थरूर ने कहा, ÷केरल में भाजपा की सांप्रदायिक कट्टरता पहले ही चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो केरल में चुनावों के दौरान 12त्न से 13त्न वोटों पर रुक रही है। केवल 2014 में ही उनके वोटों में कुछ वृद्धि देखी गई थी जब मोदी विकास की बातें करते थे। अब जब मोदी और भाजपा ने इस चुनाव अभियान में सांप्रदायिकता को दोगुना कर दिया है, तो उन्हें केरल के लोगों द्वारा खारिज कर दिया जाना तय है। थरूर ने कहा, ÷काफी समय से, पीएम मोदी केरल और तमिलनाडु में जीत के लिए काफी प्रयास कर रहे हैं, ताकि भाजपा अपना चुनावी खाता खोल सके। लेकिन सांप्रदायिकता भाजपा का राजनीतिक डीएनए है और इसे केरल के लोग कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। थरूर ने भाजपा के इस दावे को खारिज कर दिया कि उन्होंने सांसद के रूप में 15 वर्षों के दौरान क्षेत्र में विकास की अनदेखी की है। थरूर ने अपने द्वारा निकाली गई 60 पृष्ठों की एक पुस्तिका का हवाला दिया, जिसमें एक सांसद के रूप में किए गए विकास और कल्याण कार्यों को सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने दावा किया कि कोविड-19 के दौरान, चक्रवात प्रभावित मछुआरों के लिए और बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर भी उन्होंने राज्य के लिए तमाम विकास कार्य किए हैं।

## चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों पर मधुमक्खी का हमला, 20 से अधिक कर्मचारी घायल

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। प्रदेश के उत्तर बस्तर कांकेर में लोकसभा ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों पर मधुमक्खी ने हमला कर दिया है। इस हमले में करीब 20 कर्मचारी घायल हो गए हैं। इन कर्मचारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए ले जाया गया है। छत्तीसगढ़ के कांकेर लोकसभा चुनाव में प्रशिक्षण कार्य में लगे कर्मचारियों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे 20 से अधिक कर्मचारी घायल हो गए, 6 घायल कर्मचारियों को सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापुर में भर्ती कराया गया है। वहीं जब मधुमक्खियों की हमले की सूचना पर भानुप्रतापपुर एसडीएम घायल कर्मचारियों से मिलने पहुंचे और उनका हाल जाना, बतादे कि इसी महीने 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान होना है। जिसमें कांकेर लोकसभा सीट भी शामिल है।



**कैसे हुआ हादसा :** बतादें कि यह पूरा मामला कांकेर लोकसभा के भानुप्रतापपुर का बताया जा रहा है। जहां बड़ी संख्या में मधुमक्खियों ने कर्मचारियों पर हमला कर दिया है। भानुप्रतापुर के एक निजी स्कूल सेंट जोसेफ में कर्मचारियों को आगामी चुनाव के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा था उस वक्त दी मौजूद मधुमक्खियों की झुंड ने कर्मचारियों को काट लिया, जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई और मधुमक्खियों से बचने कर्मचारी इधर उधर भागने लगे थे।

## पप्पू फैक्टर बिहार में करेगा बड़ा खेला? राजद और जदयू की उड़ा दी है नींद



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया को बिहार के सीमांचल इलाके की राजधानी माना जाता रहा है। यहां की राजनीति भी पूर्णिया के नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती रही है। पप्पू यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्णिया से स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर ताल ठोंकने का ऐलान किया है। इसके चलते इसकी गिनती हॉट सीटों में होने लगी है। मालूम हो कि पप्पू यादव हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्हें यह उम्मीद थी कि पूर्णिया लोकसभा सीट से पार्टी का टिकट मिल जाएगा। मगर, ऐसा नहीं हुआ। यह सीट आरजेडी के खाते में गई और उसने यहां से रुपौली की एमएलए बीमा भारती को मैदान में उतार दिया। वैसे तो भारती जेडीयू की विधायक हैं जो हाल ही में राजद में शामिल हुई हैं। जदयू ने पूर्णिया लोकसभा सीट से दो बार सांसद रहे संतोष कुशवाहा पर फिर से भरोसा जताया है। हालांकि, पप्पू यादव ने राजद और जदयू दोनों की ही नींद खराब कर दी है। पूर्णिया में पप्पू फैक्टर बड़ा खेल कर सकता है। मालूम हो कि पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र में अल्पसंख्यक मतदाताओं की संख्या करीब साढ़े 6 लाख है। यहां यादव वोटर्स डेढ़ लाख के करीब हैं। इस तरह ये दोनों मिलकर एक मजबूत स्न्ङ्ग समीकरण तैयार करते हैं। अगर कुशवाहा मतदाताओं की बात करें तो उनकी संख्या साढ़े 3 लाख के आसपास है। इसके अलावा 2.5 लाख वैश्व, 1.5 लाख ईबीसी और 1.5 लाख उच्च जाति से मतदाता हैं। इस तरह जाति समीकरणों के हिसाब से चुनावी लड़ाई बेहद दिलचस्प हो जाती है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पूर्णिया में इस बार संतोष कुशवाहा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर नजर आ सकती है। हालांकि, उन्हें मोदी फैक्टर और राजद व पप्पू यादव के बीच वोटों के बंटवारे पर पूरा भरोसा है। यादवों और मुस्लिमों का वोट राजद और पप्पू के बीच बंट सकता है। बिहारीगंज गांव के रहने वाले अभिनीत सिंह पूर्णिया में स्पेयर पार्ट की दुकान चलाते हैं। उन्होंने कहा, मैंने 2019 में कुशवाह को वोट दिया था। मगर, चुनाव जीतने के बाद से कुशवाहा नजर ही नहीं आए। पप्पू यादव तो हर उस व्यक्ति की मदद करते हैं जो भी उनसे मिलने जाता है। उन्हें एक मौका दिया जाना चाहिए। इस तरह यह भी नजर आ रहा है कि यादव ही नहीं, बल्कि सभी जातियों में पप्पू के समर्थक मौजूद हैं।

## झूठा है राहुल गांधी का देश में गरीबी बढ़ने का दावा; भाजपा पहुंची चुनाव आयोग, सख्त ऐक्शन की मांग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जनता को गुमराह करने और भाषा-क्षेत्र के आधार पर देश को बांटने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पार्टी ने चुनाव आयोग से राहुल गांधी के खिलाफ सख्त ऐक्शन लेने की मांग की है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में गरीबी बढ़ने के बारे में झूठा दावा कर रहे हैं। भाजपा ने सोमवार को अपनी शिकायत में राहुल गांधी पर चुनावी माहौल को खराब करने के लिए भाषा और क्षेत्र के आधार पर देश में उत्तर-दक्षिण विभाजन जारी रखने का भी आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और पार्टी के मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी सहित भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से संपर्क किया और गांधी पर लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा के खिलाफ गलत प्रचार करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रतिनिधिमंडल द्वारा कांग्रेस नेता के खिलाफ आयोग में शिकायत दर्ज कराने के बाद चुघ ने संवाददाताओं से कहा, ''राहुल गांधी झूठा अभियान चला रहे हैं कि देश में 20 करोड़ से अधिक लोग गरीब हो गए हैं, जबकि उनके पास अपने दावे को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है।

# शादियों तक पहुंचा लोकसभा चुनाव का जोश, मेहमानों को दिलाई मतदान की शपथ

**अलीगढ़, एजेंसी।** 26 अप्रैल को अलीगढ़ जिले में मतदान होना है। इससे पूर्व अधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं। कोशिश है प्रत्येक वोटर इस बार मतदान करे। इसे लेकर स्वीप के तहत विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान प्रशासन की तरफ से चलाए जा रहे हैं। इस क्रम में विभाग अब शादी समारोह में जाकर भी अतिथियों को मतदान करने के लिए शपथ दिला रहे हैं। रविवार को अधिकारी आगरा रोड स्थित शादी समारोह में पहुंचे और लोगों को मतदान की शपथ दिलाई।

मतदान को लेकर प्रशासन की तरफ से ग्रामीण इलाकों में किसान पाठशालाएं हो रही हैं। विभिन्न विभागों में रोज शपथ ग्रहण कराई जा रही है। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए अब विवाह समारोह में भी प्रशासन ने शिरकत करना शुरु कर दिया है। रविवार को आगरा रोड स्थित गार्डन में एक विवाह समारोह था। डीपीआरओर धनंजय जायसवाल व अन्य विभाग के लोग समारोह में शामिल हुए। सभी अतिथियों को संबोधित करते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया गया। सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई। डीपीआरओ ने बताया कि जनपद में स्वीप अभियान तहत मतदाताओं को जागरूक व शिक्षित करने के लिए सीडीओ के निर्देशन पर एक अनोखी पहल शुरु की गई है। पहले मतदान फिर नमाजः अलीगढ़ शहर मुफ्ती 26 अप्रैल शुक्रवार को मतदान दिवस होने की वजह से शहर मुफ्ती ने सभी नमाजियों से अपील की है। उन्होंने जुमा के दिन पहले मतदान फिर नमाज पढ़ने के लिए अपील किया है। शहर मुफ्ती मो. खालिद हमीद ने पत्र जारी करते हुए लिखा कि 26 अप्रैल शुक्रवार को जुमा का दिन है। इसी दिन अलीगढ़ में लोकसभा के लिए मतदान होना है।



उन्होंने सभी से अपील कि आप सब पहली फुरसत में सुबह के समय मतदान करें। क्योंकि बतौर नागरिक मतदान करना हमारी जिम्मेदारी है। वोट किसी भी हालत में करें। मतदाताओं को किया जागरूक याहू फ्रेंड्स क्लब का लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जागरूक मतदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब की सदस्यों ने जागरूक मतदाता बने, आओ हम सरकार बनाएं, सब काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो आदि नारे लगाए।

# बृजभूषण शरण सिंह का कट सकता है टिकट, पत्नी केतकी को मिल सकता है मौका

**कैसरगंज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की ज्यादातर सीटों पर भाजपा ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है, लेकिन रायबरेली और कैसरगंज जैसी चर्चित सीटें अब भी बाकी हैं। कैसरगंज पर तो सभी की निगाह है क्योंकि यहां से बाहुबली नेता बृजभूषण शरण सिंह भाजपा के सांसद हैं। उनका टिकट अब तक फाइनल नहीं हुआ है और पार्टी ने यह भी संकेत नहीं दिए हैं कि दि बृजभूषण चुनाव में नहीं उतरे तो उनकी जगह पर कौन होगा। इस बीच पार्टी सूत्रों का कहना है कि बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर फैसला उन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों की वजह से भी टल रहा है।



यह मामला कोर्ट में चल रहा है और दिल्ली की अदालत इसी महीने के अंत तक फैसला सुना सकती है। ऐसे में भाजपा हाईकमान चाहता है कि अदालत के फैसले को देखने के बाद भी टिकट तय किया जाए। कहा जा रहा है कि यदि फैसला बृजभूषण शरण सिंह के फेवर में रहा, तब तो उन्हें टिकट मिल सकता है। अन्यथा उनके ही परिवार के किसी मेंबर को उम्मीदवार बनाया जा सकता है। सबसे ज्यादा चर्चा उनकी पत्नी केतकी सिंह के नाम की चल रही है। केतकी सिंह पहले भी 1996 से 1998 तक सांसद रह चुकी हैं। हालांकि कहा जा रहा है कि बृजभूषण परिवार में भी किसी को अपनी जगह टिकट नहीं देना चाहते और खुद लड़ना चाहते हैं।

इसलिए भाजपा के लिए कैसरगंज सीट पर फैसला करना थोड़ा मुश्किल होगा। भाजपा हाईकमान बृजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न के आरोपों वाले मुकदमे का हवाला देते हुए कहा रहा है कि आप इस पर फैसले का इंतजार करिए। यदि आपके पक्ष में फैसला आया तो चुनाव लड़ें, वरना परिवार के किसी सदस्य को मौका दें। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि केतकी सिंह को उतारने से महिला कार्ड भी मजबूत होगा। पीएम नरेंद्र मोदी खुद महिलाओं को लगातार प्रमोट करने की बात कर रहे हैं।

दरअसल बीते सप्ताह दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला आने वाला था। लेकिन बृजभूषण ने अपील दायर की थी कि अभी इस मामले में और जांच की जाए। उनकी अर्जी पर सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है और इसी महीने के अंत तक निर्णय सुना सकती है। बृजभूषण ने अपनी अर्जी में यह भी दलील दी थी कि जिस दिन एक महिला पहलवान ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, उस दिन वह देश से ही बाहर थे।

## 26/11 हमला दोहराने का प्लान? अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी करने वाला गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी के घर और कार्यालयों के पास टोह लेने के आरोप में एक व्यक्ति को मुंबई से गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल और जासूसी विभाग ने यह गिरफ्तारी की। सीनियर अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान राजाराम रेगे के तौर पर हुई। उसने डायमंड हार्बर सीट से तृणमूल सांसद और उनके निजी सहायक का नंबर लेने के बाद उन्हें फोन करने की कोशिश की। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी ने दावा किया कि रेगे ने अन्य लोगों के अलावा पूर्व में मुंबई आतंकी हमले के मुख्य आरोपी डेविड हेडली से मुलाकात की थी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या 26/11 हमला दोहराने का प्लान बनाया जा रहा था?

सीनियर अधिकारी ने कहा, 'आज हमारे अधिकारियों ने राजाराम रेगे को मुंबई से गिरफ्तार किया। वह कोलकाता आया था, यहां रुका था और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के कार्यालयों और आवास टोह ली थी। उसने बनर्जी और उनके पीए के मोबाइल फोन नंबर प्राप्त किए और उनसे संपर्क करने की कोशिश की।' मुंबई लौटने से पहले रेगे कोलकाता के शेक्सपियर सरणी इलाके के एक होटल में रुका था। उस पर भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक षड्यंत्र रचने और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है।

**ममता बनर्जी ने सुरक्षा को लेकर उठाए गंभीर सवाल :** यह गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा उन्हें व उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है और वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया। इस पर ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं। हम तृणमूल नेताओं और पश्चिम बंगाल के लोगों के खिलाफ साजिश के प्रति सावधान रहने का हर किसी से आग्रह करते हैं।



# डिंपल यादव समेत अब तक 35 प्रत्याशी बिना लड़े जीत चुके हैं लोकसभा चुनाव, कांग्रेस नंबर 1

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते 12 साल में पहली बार ऐसा हुआ है जब कोई प्रत्याशी बिना मतदान के ही विजेता घोषित कर दिया गया है। भाजपा के मुकेश दलाल को सूरत लोकसभा सीट पर निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया। इस तरह गिनती से पहले ही भाजपा का खाता खुल चुका है। दरअसल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में कमी पाए जाने के बाद पर्चा खारिज कर दिया गया था। जानकारी के मुताबिक प्रत्याशी के दस्तखत में समस्या पाई गई थी।

देश में 1951 से ही लोकसभा चुनाव कराए जा रहे हैं। इतने सालों में केवल 35 उम्मीदवार बिना मतदान के ही निर्विरोध लोकसभा चुनाव जीते हैं। इनमें समाजवादी पार्टी की नेता डिंपल यादव भी शामिल हैं। दरअसल 2012 में कन्नौज लोकसभा उपचुनाव में उनके सामने कोई भी उम्मीदवार नहीं था। ऐसे में डिंपल यादव की निर्विरोध जीत हुई थी।

निर्विरोध जीत के मामले में कांग्रेस नंबर 1 पर है। डिंपल यादव के अलावा अन्य नेताओं की बात करें तो नेशनल कॉन्फ्रेंस चीफ फारूक अब्दुल्ला, टीटी कृष्णामाचारी, पीपी सईद, वाईबी चव्हाण और एससी जमीर शामिल हैं। कांग्रेस के सबसे ज्यादा प्रत्याशी निर्विरोध जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। 1957 में जब दूसरी बार लोकसभा के चुनाव हुए थे तो सात उम्मीदवार निर्विरोध ही जीत गए थे। 1951 में पांच और 1967 में पांच उम्मीदवार इसी तरह निर्विरोध जीते थे।



गुजरात में एक भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत के बाद अब 25 लोकसभा सीटों के लिए 265 उम्मीदवार मैदान में हैं। अधिकारी ने बताया कि सोमवार 22 अप्रैल को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि थी। कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने और अन्य सभी प्रत्याशियों के अपने नामांकन वापस लेने के बाद गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये हैं।

गुजरात के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, ''12 से 19 अप्रैल के बीच 26 लोकसभा सीटों के लिए कुल 433 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके अलावा, पांच विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए 37 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा किए।' इसमें कहा गया, ''20 और 21 अप्रैल को हुई जांच प्रक्रिया के दौरान 105 लोकसभा उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए, जिससे संख्या घटकर 328 रह गई। इसी तरह, विधानसभा उपचुनाव के लिए 27 उम्मीदवार जांच के बाद पात्र पाए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### टी-20 वर्ल्ड कप के लिए रिटायरमेंट वापस नहीं लेंगे नरेन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज खिलाड़ी सुनील नरेन टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अपना रिटायरमेंट वापस नहीं लेंगे। टी-20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाना है। उनका कहना है कि इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी के दरवाजे अब उनके लिए बंद हो गए है। वह आईसीसी वर्ल्ड कप में उन खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे जो पिछले कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे हैं। सुनील नरेन ने 2023 नवंबर में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वहीं उन्होंने 2019 में वेस्टइंडीज के लिए अपना आखिरी मैच खेला था।

#### आईपीएल के इस सीजन में शानदार प्रदर्शन

नरेन आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स से खेल रहे हैं। इस सीजन उन्होंने ढूक्कमें कोलकाता के लिए ओपनिंग करते हुए 7 मैचों में 176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक भी शामिल है। वहीं उन्होंने 7 मैचों में 7.11 की इकोनॉमी रेट से 9 विकेट लिए हैं।

#### वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज से खेलने वाले खिलाड़ियों का करेंगे समर्थन

नरेन ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे आशा है कि आप सभी अच्छे और स्वस्थ्य हैं। मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं कि हाल ही में मेरे प्रदर्शन ने कई लोगों को सार्वजनिक रूप से मेरी रिटायरमेंट से बाहर आने और आगामी टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने की इच्छा व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने आगे लिखा- मैंने उस फैसले पर शांति बना ली है। हालांकि, मैं कभी निराश नहीं होना चाहता, लेकिन वह दरवाजे अब बंद हो गए हैं और मैं उन लोगों का समर्थन करूंगा जो जून में वेस्टइंडीज के लिए मैदान में उतरेंगे। जिन लोगों ने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और हमारे प्रशंसकों को यह दिखाने के लायक हैं कि वे एक और खिताब जीतने में सक्षम हैं। मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं।

#### वेस्टइंडीज कप्तान ने रिटायरमेंट वापस लेने का किया था अनुरोध

कुछ दिन पहले वेस्टइंडीज के कप्तान रोमैन पॉवेल ने कहा था कि हम नरेन से रिटायरमेंट वापस लेने का अनुरोध कर कर रहे हैं, हमें उम्मीद है कि टी-20 वर्ल्ड कप चुने जाने से पहले उनका मन बदल जाएगा। पॉवेल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स से खेल रहे हैं।

**आईपीएल 2024**

### यशस्वी जायसवाल के नाबाद शतक की बदौलत, राजस्थान रायल्स ने मुंबई को 9 विकेट से रौंदा



**जयपुर, एजेंसी।** सोमवार को राजस्थान रायल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की आईपीएल में शानदार फॉर्म देखने को मिली। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सवाई मानसिंह स्टेडियम में शानदार नाबाद शतक उड़ाया। जयसवाल शतक के दम पर राजस्थान रायल्स ने अपनी शानदार फार्म की बदौलत मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से रौंद दिया।

180 रनों के लख्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम की बल्लेबाजी ने शानदार प्रदर्शन किया। यशस्वी जयस्वाल ने सलामी बल्लेबाज जोस बटलर के रूप में केवल एक विकेट गंवाया। जोस बटलर मात्र 25 गेंद पर 35 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन ने शानदार पारी खेली। कप्तान संजू सैमसन ने जायसवाल के साथ मिलकर मैच फिनिश किया। संजू सैमसन ने 28 गेंद पर 38 रनों की बेहतरीन पारी खेली।

यशस्वी जासवाल ने इस आईपीएल सीजन में पहला शतक बनाया। उन्होंने 60 गेंद पर नाबाद 104 रन की पारी खेली।

# अंतराष्ट्रीय रेसलर रिंकू सिंह ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को कहा अलविदा



## बोले- भारत के सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी विशिष्ट वेशभूषा और रिंग में दमदार उपस्थिति से अर्न्तराष्ट्रीय फलक भारत का झंडा बुलंद करने वाले रिंकू सिंह राजपूत ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को गुड बॉय कह दिया है। डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में बड़े-बड़े विदेशी रेसलरों के छक्के छुड़ाने वाले जिले के गोपीगंज क्षेत्र के होलपुर निवासी रिंकू सिंह राजपूत वीर महान का जलवा अब नहीं दिखेगा।

अपनी विशिष्ट वेशभूषा और रिंग में दमदार उपस्थिति से अर्न्तराष्ट्रीय फलक भारत का झंडा बुलंद करने वाले रिंकू सिंह राजपूत ने डब्ल्यूडब्ल्यूई को गुड बॉय कह दिया है। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और फेसबुक पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। हालांकि, इसके पीछे के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। माथे पर त्रिपुंड, गले में रूद्राक्ष की माला और विशिष्ट भारतीय वेशभूषा और लंबे-चौड़े डीलडौल शरीर वाले वीर महान जब डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में उतरते थे तो विदेशी रेसलरों के पसीने छुट जाते थे। भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र के एक छोटे से गांव होलपुर से निकलकर अंतराष्ट्रीय फलक पर छाने वाले रिंकू सिंह राजपूत के पिता ट्रक ड्राईवर थे। शुरू से ही जिद्दी और लक्ष्य के प्रति अडिग रहने वाले रिंकू ने पहले जैवेलिन थ्रोअर के रूप में शुरूआत की।

### रिंकू ने ट्वीट कर दी जानकारी

बाद में उन्होंने बेसबॉल में नाम कमाया और फिर डब्ल्यूडब्ल्यूई के रिंग में उतरते ही देश-दुनिया में छा गए। रिंग में इन्हें वीर महान के नाम से जाना जाता था। अपने पिता के बेहद करीब रिंकू सिंह राजपूत बीते साल अप्रैल माह में भदोही जिले में आए थे। उन्होंने लिखा...बात जब भारतवासियों के मान-सम्मान पे आ जाए तो त्याग सबसे पहले। गुड बॉय डब्ल्यूडब्ल्यूई...।

रिंक सिंह राजपूत को के इस फैसले को लेकर जब उनके परिवार से बात करने का प्रयास किया जाए तो परिजनों ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। उनके छोटे भाई राजन सिंह ने कि ये उनका फैसला है। इसके बारे में वहीं बता सकते हैं।

### पिता को प्रतिदिन फोन पर देते हैं समय

रिंकू सिंह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम व भगवान शिव के भक्त और मां भगवती के उपासक हैं। रिंकू सिंह के बड़े भाई राजन सिंह बताते हैं कि वे मां के काफी करीब रहे हैं। अब भी सात समुंदर पार होने और इतना व्यस्त होने के बावजूद प्रतिदिन बाबूजी (पिता) को सुबह या शाम में जरूर समय देते हैं।

फोन पर व्हाट्सएप कॉलिंग से ही बात होती है।

### शुद्ध शाकाहारी हैं वीर महान

बताते हैं कि बीते वर्ष सर्दी के मौसम में घर आए थे। राजन सिंह बताते हैं कि रिंकू जहां रहते हैं अपनी पूजन की सामग्री साथ रखते हैं। प्रतिदिन समय के अनुसार पूजा करना, चंदन लगाना उनकी दिनचर्या है। भक्ति की वजह से ही उन्होंने अपनी भुजा पर राम और सीने पर मां लिखवाया है। वह शुद्ध शाकाहारी हैं।

### रिंकू सिंह राजपूत का परिवार

भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र में स्थित होलपुर गांव निवासी ब्रह्मदीन सिंह ट्रक ड्राइवर थे। उससे ही परिवार का खर्च चलता था। रिंकू की मां अन्तराजा सिंह का पांच नवंबर 2018 को निधन हो चुका है। ब्रह्मदीन बताते हैं कि उनकी कुल सात संतानें हैं। इसमें चार पुत्र रत्नेश सिंह उर्फ गोपाल बीएसएफ में, राजकुमार सिंह सेना में, राजन सिंह रेलवे में और रिंकू सिंह रेसलर हैं। तीन पुत्रियां कुसुम सिंह, सुसुम सिंह व रुसुम सिंह हैं।

तीनों की शादी हो चुकी है। रिंकू का जन्म आठ अगस्त 1988 को हुआ। उनके पिता बताते हैं कि रिंकू की मां भगवती की भक्त थीं। वह विंध्याचल दर्शन करने गई थी, वहीं पर रिंकू का जन्म हुआ था।

### रिंकू का कैसा रहा जीवन, किस तरह से बढ़े आगे

रिंकू के पिता बताते हैं कि वह बचपन से ही खेल में रुचि रखते थे। भाई राजन के मुताबिक, आठवीं तक की पढ़ाई करने के बाद भाला फेंकने का ट्रायल दिया। उसमें सफल होने पर गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ गए। वहां से खेलते रहे और जूनियर नेशनल में गोल्ड मेडल भी जीते। 2008 में द मिलियन डॉलर आर्म नाम के रियलटी टीवी शो में हिस्सा लिया। इसमें तेज बेसबॉल फेंकने वाले खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

### बेसबॉल में करियर बनाने गए थे अमेरिका

बेसबॉल के इस टैलेंट हंट शो में रिंकू को भाला फेंकने के अनुभव का लाभ मिला और मजबूत शरीर के कारण उन्होंने 140 किमी प्रति घंटे की गति से बेसबॉल फेंककर पहला स्थान हासिल किया। इसी पर एक फिल्म भी बनी। इसके बाद बेसबॉल में करियर बनाने अमेरिका गए। वहां पीटर्सबर्ग पायरेट्स से करार करने में कामयाब रहे कई लीग में हिस्सा लिए और जीते।

### 2018 में बेसबॉल को कहा अलविदा

रिंकू सिंह राजपूत ने जिस भी खेल में हाथ आजमाया उसमें बुलंदी तक पहुंचे। 2018 में बेसबॉल को अलविदा कहने के बाद पेशेवर रेसलिंग में करियर बनाना शुरू किया। उसी साल डब्ल्यूडब्ल्यूई के साथ करार किया। भारतीय रेसलर सौरव गुर्जर के साथ टीम बनाई। कुछ समय बाद इनकी टीम 'द इंडस शेर' में जिंदर महाल का भी नाम जुड़ा।

पहले रिंकू अपने असली नाम से ही खेलते थे बाद में इन्होंने वीर महान नाम धारण कर लिए। इनकी टीम ने लगातार कई मुकाबले जीते। 2021 में वीर अपनी इस टीम से अलग हो गए। स्वतंत्र रेसलर के रूप में डब्ल्यूडब्ल्यूई के साथ करार किया। बीते दिनों उन्होने रे और डोमिनिक मिस्टिरियो की पिता-पुत्र की जोड़ी को पछाड़कर चर्चा बटोरी है।

## युजवेंद्र चहल ने रचा इतिहास, आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। चहल ने मोहम्मद नबी (23) का विकेट लेकर 200 विकेट की उपलब्धि हासिल की। चहल ने 2013 में अपना आईपीएल डेब्यू किया और अपने 153वें गेम में इस मुकाम पर पहुंचे। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले चहल इस आईपीएल सीजन-13 में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं।केवल दो अन्य व्यक्ति पहले टी20 प्रतियोगिता में 200 विकेट तक पहुंचे हैं- डैनी ब्रिग्स (219) और समित पटेल (208) - दोनों इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट में।

## हार्दिक पंड्या पर एक बार फिर इरफान पठान ने साधा निशाना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में 22 अप्रैल को मुंबई इंडियंस को एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। आठ मैचों में मुंबई इंडियंस की टीम महज तीन ही मैच जीत पाई और इन सबके बीच मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या लगातार आलोचकों के निशाने पर हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाया और संदीप शर्मा ने पांच विकेट चटकाए।

इस मैच के बाद इरफान पठान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने यशस्वी जायसवाल की जमकर तारीफ की, लेकिन साथ ही हार्दिक पांड्या पर एक बार फिर जमकर निशाना साधा है। इरफान पठान ने साथ ही कहा कि वह जिस तरह की फॉर्म में हैं, वह टीम इंडिया के लिए अच्छी बात नहीं है।

### मैं कोशिश कर रहा था कि...ताबड़तोड़ शतक ठोकने के बाद बोले यशस्वी

इरफान पठान ने यशस्वी जायसवाल की तारीफ करते हुए कहा कि जब वह शुरुआती मैचों में ज्यादा रन नहीं भी बना रहे थे, तब भी 140 का स्ट्राइक रेट पर रन बना रहे थे। इसलिए ही उनकी इतनी तारीफ होती है।

इरफान ने कहा कि हार्दिक पांड्या आईपीएल में फॉर्म में वापसी के लिए आसान तरीके ढूंढ रहे हैं और ऐसे में आपको अपने साथी खिलाड़ियों से रिस्पेक्ट नहीं मिलता है।

## मिनर्वा एकेडमी ने पंजाब एफसी को हराया और ग्रुप चैंपियन बनकर उभरी



**चंडीगढ़, एजेंसी।** अंडर-15 आई-लीग के एक अहम मुकाबले में मिनर्वा एकेडमी ने जीत दर्ज की और पंजाब एफसी को 4-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस रोमांचक जीत के साथ ही टीम ने नॉक आउट चरण में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया।

मैच की शुरुआती हूटर के साथ मिनर्वा एकेडमी ने अपना दृढ़ संकल्प और कौशल दिखाते हुए 12वें मिनट में बाइटे के गोल की बदौलत बढ़त बना ली। पंजाब एफसी ने खतरनाक दिख रही मिनर्वा टीम के खिलाफ जोरदार वापसी करते हुए तीन त्वरित गोल करके उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया और 3-1 से आगे हो गई। मिनर्वा एकेडमी ने पीछे हटने से इनकार कर दिया, रोकश 29वें मिनट में ने नेट पर गोल करके हाफ टाइम तक स्कोर 2-3 कर दिया।

### दूसरा हाफ़ बेहद संघर्षपूर्ण रहा

मिनर्वा एकेडमी ने लगातार आक्रमण किया और अंततः गिबाश के गोल की मदद से हाफ़ की शुरुआत में ही बराबरी कर ली।

ये गोल 47वें मिनट में आया। इसके बाद दोनों टीमें गोल की कोशिश करती रही, लेकिन 90 मिनट तक दोनों को कामयाबी नहीं मिली। 90+4 मिनट में तुबोई ने गोल किया और 4-3 की जीत के साथ अंडर-15 आई-लीग के इतिहास में सबसे बड़ी वापसी में से एक को पूरा किया।

### इस जीत को सभी ने सराहा

इस जीत के साथ मिनर्वा एकेडमी ने अभी तक खेले गए सभी छह मैचों में अजेय रहते हुए ग्रुप चरण को शीर्ष पर समाप्त किया। पांच जीत, 20 गोल करने और केवल चार गोल खाने का उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड उनकी ताकत और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। सिटी टीम 16 अंकों के साथ नॉकआउट चरण में पहुंच गई। इस शानदार जीत में मिनर्वा एकेडमी ने कभी न हार मानने वाला रवैया दिखाते हुए लड़ने की भावना को प्रदर्शित किया। इससे प्रशंसक अपनी सीटों से खड़े हो गए। टीम ने टूर्नामेंट के बाकी हिस्सों के दौरान एक अविस्मरणीय यात्रा का वादा करने के लिए मंच तैयार किया।

## रिटायरमेंट: भारत के सबसे सफल स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट को अलविदा कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे बेहतरीन पुरुष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है, लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु-खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

पेशेवर सर्किट में 22 साल तक खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांगझू एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं। सौरव घोषाल ने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिक्स्ड डबल्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।



घोषाल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, मैंने 22 साल पहले पीएसे विश्व टूर पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े मंचों पर खेलते हुए मैंने सोचा कि यह कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन हर चीज का अंत होता है। यह पोस्ट लिखते समय मैं भावनाओं से भरा हुआ हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है, इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीसीए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।

### शीर्ष-10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय हैं सौरव घोषाल

कोलकाता में जन्में घोषणा दुनिया के शीर्ष-10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अप्रैल 2019 में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की थी और छह महीने तक उसे बनाए रखने में सफल रहे थे। घोषाल ने 2003 में पीएसए में डेब्यू करने के बाद से 18 फाइनल में पहुंचकर 10 पीएसए खिताब जीते हैं। उन्होंने पीएसए टूर पर अपने 511 मैचों में से 281 जीते हैं। घोषाल के नाम 13 राष्ट्रीय खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इसमें से आखिरी खिताब 2020 में जीता था।

# 1 अरब 43 करोड़ की शराब सालभर में गटक जाएंगे सिंगरौली के लोग

## एमआरपी से अधिक बेचने का हिसाब नहीं

**सिंगरौली।** सिंगरौली में शराब के शौकीनों ने सरकार के खजाने में दिल खोलकर पैसा दिया है. यहां के लोग एक साल में अरबों की शराब पी गए. पिछले साल के मुकाबले इस बार 14 करोड रुपए की ज्यादा की शराब जिले के लोग पियेंगे। हालांकि इस आंकड़े में शराब के एमआरपी से अधिक रेट में बेंचने की कीमत नहीं जुड़ी है नहीं तो यह आंकड़ा और भी बढ़ जाता। जिले के किसी भी सरकारी ठेके की दुकान में रेट लिस्ट कई सालों से नहीं लगाई जा रही।

झूम बराबर झूम शराबी गाना सिंगरौली के लोगों के लिए सटीक संदेश दे रहा है। यहां सिर्फ सिंगरौली के नहीं बल्कि देश-विदेश के हर कोने से आए लोग खूब शराब पीते हैं। स्थानीय और बाहरी लोगों को मिलाकर शराब के शौकीन लोगों ने पिछले 1 साल में अरबों रुपए से ज्यादा की शराब पी डाली है. इसमें खास कर देसी शराब के शौकीन कुछ ज्यादा ही आगे



दिखाई दे रहे हैं. वर्ष 2023-24 में सिंगरौली जिले में शराब बिक्री के जो आंकड़े सामने आए हैं वह चौंकाने वाले हैं।आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार साल 2023-2024 में 47 देसी विदेशी मदिरा दुकानों का ठेका 129 करोड़ 48 लाख 25 हजार 6 सौ 35 रूपए का हुआ था। हालांकि शराब एमआरपी रेट से महंगे दामों में बिकी लिहाजा ठेकेदारों ने शराब प्रेमियों से खूब लौट खसोट की है। वही इस साल 1 अरब 43 करोड़ 57 लाख 96 हजार 656 रुपए में 47 दुकानों की नीलामी हुई है। ये आंकड़े आबकारी विभाग और राजस्व वसूली के लिए तो फायदेमंद हैं, लेकिन इसमें पिछले 1 साल में देसी शराब की 1457534 प्रूफ लीटर की बिक्री के साथ लोगों की जेब से करोड़ों रुपए निकल गए. वहीं किसी भी शराब ठेके की दुकान में साल भर शराब लिस्ट नहीं लगाए गए। ऐसे में ठकेदारों ने एमआरपी रेट से क्वार्टर व अध्धा 30 से 40 रूपए जबकि बोतल में 80 से 100 रूपए महंगी शराब बेची। ऐसे में ठेकेदारों ने 20 से 25 करोड रुपए शुद्ध मुनाफा कमाया।

### वसूली का आदेश है, इसलिए कर रहे

शराब की बिक्री में अवैध वसूली व अनियमितता की शिकायत शहर सहित सभी गांवों में है लेकिन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की इसपर नजर नहीं है। उनसे पूछिये तो उन्हें शिकायतकर्ता चाहिए। अगर शिकायत भी करें तो कार्रवाई के नाम पर दिखावे की डांट-फटकार तक ही कार्रवाई हो रही। नतीजा यह हो रहा है कि दूसरे ग्राहक फिर ऐसे दुकानदारों के शिकार बन रहे हैं। जिले के सभी शराब ठेके की दुकानों में एमआरपी से अधिक कीमत की वसूली अनवरत जारी है। अधिकारी जहां मस्त हैं, वहीं दुकानदार बेखौफ हैं।दुकानदार तो यहां तक कहते हैं कि उन्हें वसूली का आदेश है, इसलिए कर रहे हैं। कौन आदेश दिया है, यह स्पष्ट नहीं करते लेकिन यह स्वीकार करते हैं कि वसूली का पैसा ऊपर तक पहुंचता है।

### आबकारी अधिकारी का रहता है कमीशन ?

सरकारी शराब ठेके की दुकानों में एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेची जाती है।अधिक वसूली के चलते आए दिन उत्पाद दुकानों पर तू-तू, मैं-मैं होती रहती है। खरीदनी शराब है, इसलिए कुछ लोग बात आगे नहीं बढ़ाते हुए लोक-लाज के चलते अधिक कीमत देकर वहां से खिसकना ही जरूरी समझते हैं।एक दुकानदार का सेल्समेन नाम न छापने के शर्त पर बताया कि नीचे से ऊपर तक सब का रेट फिक्स रहता है। सूत्रों की माने तो शराब ठेकेदारों को कमीशन देना रहता है ऐसे में यदि वह एमआरपी रेट से अधिक दाम पर शराब नहीं बेचेंगे तो उन्हें घाटा होगा लिहाजा ठेकेदार दुकानों में रेट लिस्ट नहीं लगाते।

# पुलिस के खौफ से बौखलाए अवैध रेत माफियाओ ने अनर्गल लगा रहे आरोप

## एसपी के निर्देश पर नौडिहवा पुलिस अवैध कार्यो पर लगाई है अंकुश

**सिंगरौली।** जिले भर में अवैध रेत माफियाओ के द्वारा रेत के कारोबार को बढ़ाने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। जहां कई इलाकों में पुलिस की चौकसी बनी हुई है। इसी तरह का कुछ मामला गढ़वा थाना क्षेत्र के नौडिहवा चौकी मैं देखने को मिल रहा है जहां चौकी प्रभारी के द्वारा अवैध रेत कारोबारियो पर लगातार कार्यवाही किए जाने के बाद रेत माफिया बौखला गए हैं। जिसके चलते अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नौडिहवा पुलिस लगातार अवैध कार्यो पर शिकंजा कस रही है।




इधर बता दे कि नौडिहवा चौकी क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ के साथ-साथ अवैध रेत कारोबारियो पर लगाम कसा गया है। बताया जाता है कि नौडिहवा चौकी क्षेत्र में चौकी प्रभारी के द्वारा लगातार सर्चिंग करते हुए अवैध कार्यों पर पूरी तरीके से शिकंजा कसते हुए कार्यवाही की जा रही है। कई मर्तबा चौकी प्रभारी नौडिहवा के द्वारा कार्यवाही भी की गई। जिसके चलते रेत माफियाओं के द्वारा अनर्गल आरोप लगाये जा रहे थे। अभी हाल ही में अवैध रेत माफियाओं के द्वारा राज्य मंत्री के नाम को भी उछाला गया था कि राज्य मंत्री के इशारे पर अवैध रेत का कारोबार फल फूल रहा है। ऐसा आरोप इसलिए लगाया गया था की चौकी प्रभारी के द्वारा अवैध कार्यों पर पूरी तरीके से अंकुश लगाया गया है जिसके चलते स्थानीय अवैध माफियाओं के द्वारा राज्य मंत्री को भी इस मामले में घसीटा गया। जिस पर राज्य मंत्री ने तत्काल एक्शन लेते हुए कहा था कि ऐसे अनर्गल आरोप लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। राज्य मंत्री ने अभी कहा था कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में कोई भी अवैध कार्य नहीं चलेगा। पुलिस अवैध कार्यों पर अंकुश लगाएगी। यही वजह है कि चौकी प्रभारी नौडिहवा के द्वारा पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी के निर्देश पर क्षेत्र में लगातार सर्चिंग अभियान चलाकर अवैध कार्यो की पड़ताल करते हुए कार्यवाही की गई। कार्यवाही की वजह से स्थानीय अवैध रेत माफियाओ ने बदनाम करने की साजिश से षड्यंत्र रचते हुए अनर्गल आरोप लगा रहे थे। जब से नौडिहवा चौकी में उदय चंद्र करिहार मैं जिम्मेदारी ली है तब से क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ के साथ-साथ अवैध रेत कारोबार पर पूरी तरीके से विराम लगा दिया गया है।

# सिंगरौली में बाप ने किया 9 साल की बेटी का रेप, हुआ गिरफ्तार

**सिंगरौली।** कलयुग के दौर में घर से बाहर तो दूर, घर के अंदर भी बहन-बेटी सुरक्षित नहीं है। इस दौर में न भाई बहन का हो रहा है और न बाप बेटी का। रिश्तों को तार-तार कर देने वाला एक ऐसा ही मामला मध्य प्रदेश के सिंगरौली से आया है। जहां 9 साल की बच्ची के साथ उसी के पिता ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटार चौकी के सनौली गांव का है। जहां एक कलयुगी पिता ने अपनी 9 साल की संगी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। घटना तीन दिन पुरानी रविवार सुबह 5 बजे के आसपास बताई जा रही है, जहां घर पर 9 साल की बेटी को पिता ने अपनी हवस का शिकार बना लिया। जिसके खिलाफ पीड़िता की मां ने खुटार चौकी में मामला दर्ज कराया। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में लोगों में आक्रोश है। और चर्चा है कि जल्द से जल्द आरोपी को सजा मिले। पुलिस ने आरोपी पिता पर 376क्ष 5/6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार किया। खुटार चौकी प्रभारी राम जी शर्मा के अनुसार आरोपी की उम्र 35 से 36 साल है, आरोपी शराब का आदि था। आरोपी के चार लड़के और एक 9 साल की बच्ची थी जिसके साथ उसने रेप की घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी पिता ने कहा कि धोखे से यह सब कुछ हो गया। फिलहाल शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर हिंडालको महान में पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त करने का आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**सिंगरौली।** दुनिया भर में प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, जो पृथ्वी की संरक्षण और पर्यावरणीय सुरक्षा के महत्व को जागृत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस वर्ष, लोगों ने प्लास्टिक के प्रयोग पर हतोत्साहित करने के लिए कई पहल की हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य पृथ्वी को प्रदूषण से बचाना है। हिंडालको महान ने प्लास्टिक मुक्त धरती बनाने के संकल्प के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जिसमे हिंडालको महान का सी.पी.पी. व पर्यवारण विभाग के साथ साथ सी.एस.आर.विभाग ने लोगो को प्लास्टिक का बहिष्कार करने की अपील की। इस मुहीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा जूट बैगों का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करना था। जूट के बैग प्लास्टिक के मुकाबले प्रदूषण और पर्यावरणीय




सुरक्षा में काफी अधिक सहायक होते हैं। इस पहल के तहत, बहुत सारे लोगों ने अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में जूट बैगों का प्रयोग शुरू भी कर दिया है। इससे प्लास्टिक के उपयोग को कम करने में मदद मिलेगी और पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा, जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने के लिये जरूरी पर्यावरण हितैसी वैकल्पिक संसाधनों से अवगत कराया गया। जागरूकता रैली के माध्यम से प्लास्टिक के खिलाफ संकल्प लिया और इसे प्रदूषण मुक्त जीवन की दिशा में अपना रुख स्पष्ट किया। इसके अलावा, प्लास्टिक रूपी राक्षस के खिलाफ भी कार्रवाई की गई, जिससे प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। इस मुहिम के तहत, लोगों को प्लास्टिक के प्रयोग से बचने और प्रदूषण को कम करने के लिए सुझाव दिए गये। इन सभी पहलों का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी को प्रदूषण से बचाना है।यह मुहिम पृथ्वी की संरक्षण में लोगों की सहयोग को बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही हिंडालको महान के ओर से दिये गये संदेश में बताया कि सरकारों, संगठनों और व्यक्तिगत स्तर पर हमारी साझी जिम्मेदारी है कि हम प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने और प्रदूषण को रोकने के लिए सामरिक और सामाजिक उपाय अपनाएं। इस पृथ्वी दिवस पर हम सभी को यह याद दिलाना चाहिए कि हमारी पृथ्वी हमारी माता है और हमें उसकी सुरक्षा का पूर्ण ध्यान रखना चाहिए। हम सभी मिलकर इन पहलों का समर्थन करें और अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने के लिए सक्रिय योगदान दें, ताकि हम एक स्वच्छ और स्वस्थ पृथ्वी का निर्माण कर सकें।

# सड़क पर दुर्घटना का सबब बनते आवारा मवेशी, लगातार मवेशियों की जाती जान

**सिंगरौली**





जगह जगह बैठे आवारा मवेशी जो वाहन चालक और राहगीरों के लिए बनते हैं हादसे का कारण। आवारा मवेशियों के कारण किसान भी परेशान कई बार जिला प्रशासन के आलाधिकारियों से शिकायत की है। लेकिन कोई भी आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।मुख्य बाजार और सड़क पर 24 घंटे मौजूद रहते हैं शहर के अंदर भी व्यस्ततम मार्गों पर दिन व रात में बीच रास्तों पर मवेशी बैठने के कारण भारी परेशानी बनी रहती है। इसके अलावा शहर में सड़को के किनारे बाजार, शॉपिंग, कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, मार्केट, सब्जी मंडी, आलू मंडी, बायपास, तिराहा आदि क्षेत्रों में 24 घंटे आवारा मवेशी मौजूद रहते हैं। वहीं नगर पालिका द्वारा में शहर के अंदर से आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया था। लेकिन कुछ दिन अभियान चलने के बाद बंद कर दिया गया। उसके बाद से अभी तक मवेशियों को पकड़ने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया गया है।

# चार माह से 20 कंप्यूटर ऑपरेटरो को नहीं मिली पगार

## नगर निगम सिंगरौली का मामला, जिम्मेदार बने बेपरवाह

**सिंगरौली।** नगर पालिका निगम सिंगरौली में 20 ऐसे कंप्यूटर ऑपरेटर हैं जिन्हें चार माह से पगार नहीं मिली है ऐसे में उनके सामने भरण पोषण के लाले पड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं।

बताया जाता है कि नगर पालिका निगम सिंगरौली में कंप्यूटर ऑपरेटर की भर्ती के लिए संविदाकार तैनात किए गए हैं। लेकिन बीते जनवरी माह से लेकर मार्च तक कोई ठेकेदार नहीं होने के चलते नगर निगम के द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटरो को वेतन का भुगतान करने की जिम्मेदारी ली थी। बताया जाता है कि अप्रैल माह में संविदाकार तैनात कर दिया गया है लेकिन 4 माह से वेतन का भुगतान न होने की स्थिति में कंप्यूटर ऑपरेटरो के सामने गंभीर स्थिति निर्मित हो चुकी है। नगर निगम में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटरो




ने कई बार वेतन भुगतान करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यानाकर्षण भी कराया लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ बहाने बाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यही वजह है कि चार माह से वेतन भुगतान का मामला अनसुलझा हुआ है। कंप्यूटर ऑपरेटरो ने बताया कि कई बार जिम्मेदारों को बताया कि भुगतान कर दिया जाए तो कहा जाता है कि अगले महीने वेतन का भुगतान हो जाएगा लेकिन 4 महीने गुजर रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। सूत्र बताते हैं कि नगर निगम के अधिकारी जानबूझकर कंप्यूटर ऑपरेटरो का पेमेंट नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते कंप्यूटर ऑपरेटरो के सामने भरण पोषण के लाले पड़े हुए हैं। इस गंभीर समस्या की ओर कंप्यूटर ऑपरेटरो ने नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी निगम आयुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए वेतन भुगतान कराए जाने की पुरजोर मांग की हैं।

# माँ धनौजा मंदिर परिसर में पौधरोपण व हनुमान चालीसा पाठ कर मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**सिंगरौली।** मंगलवार को संकट मोचन रामभक्त वीर हनुमान की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई के साथ माँ धनौजा मंदिर प्ररिसर मे मनाई गई। इसके साथ ही मंदिर प्ररिसर मे 11 नारियल के पौधे भी लगाए गए। इसके साथ ही हनुमान जी के मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का व पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। एलएनटी कंपनी के सुपरवाइजर अजय एवं मंगल गुप्ता मोबाइल सरई द्वारा दिए गए 11 नारियल के पौधे भी लगाए गए। उक्त कार्यक्रम मे मां धनौजा भैरव सेवा समिति का सहयोग रहा।



# पशु आहार चारा, पैरा, भूसा के परिवहन पर प्रतिबंध, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**सिंगरौली।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने पशु आहार चारा, पैरा, भूसा के परिवहन पर प्रतिबंधित आदेश जारी कर दिए है। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिंगरौली से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के संज्ञान में यह जानकारी मिली है कि कृषको तथा पशुपालकों द्वारा रबी की फसल कटाई के उपरांत बनाये गये भूसे को व्यापारियों द्वारा परिवहन कर जिले से बाहर ले जाया जाता है। जिससे जिले मे भूसे एवं चारा की समस्या हो सकती है। जिले से पशु आहार एवं चारे की कमी की स्थिति निर्मित ना जिसे मद्देनजर रखते हुये कलेक्टर एवं जिला



दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के अंतर्गत संपूर्ण सिंगरौली जिले की सीमा से बाहर समस्त प्रकार के पशु आहार चारा,पैरा,भूसा इत्यादि के किसी भी प्रकार के माध्यम से परिवहन को 30 जून 2024 तक प्रतिबंधित किया गया है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकली विशाल शोभा यात्रा

## जय श्री राम और जय हनुमान के उद्घोष से गुंजयमान हुआ ऊर्जा धानी

**सिंगरौली।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज मंगलवार को जिला मुख्यालय बैढ़न के नगर निगम हनुमान मंदिर से विशाल शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। जहां यह शोभायात्रा शहर होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा के दौरान जय श्री राम और जय हनुमान के उद्घोष से ऊर्जा धानी गुंजयमान रहा। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शहर के विभिन्न चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इधर बता दे की हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर हनुमान मंदिर में सुबह से ही जन्मोत्सव की धूम देखने को



मिली। जहां विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही पूजा पाठ और हनुमान चालीसा पाठ किया जा रहा था। इधर बताया जाता है कि इस शोभा यात्रा में हजारों की तादात में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और यह शोभायात्रा नगर निगम मंदिर से प्रारंभ हुई जहां बिलोजी,ताली, हनुमान मंदिर बैढ़न पहुंची। जहां हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। शोभायात्रा में रथ पर सवार छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने भगवान श्री राम लक्ष्मण जानकी के साथ-साथ हनुमान जी के भेष में शोभा बढ़ा रहे थे। वही माजन मोड़ नगर निगम मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन अंजनी तिवारी और प्रवीण तिवारी के द्वारा किया गया था। जहां भारी संख्या में भक्तगण विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस शोभायात्रा में व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए भारी संख्या में शहर के विभिन्न चौराहों पर पुलिस की तैनाती बनी रही।

# ओबी कम्पनियो को 70 प्रतिशत स्थानीय लोगो को कार्य देना होगा अनिवार्य : कलेक्टर

## 70 प्रतिशत से कम मजदूर रखने वाले ओ.बी कम्पनियो के विरूद्ध की जायेगी कठोर कार्यवाही : चन्द्रशेखर शुक्ला

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिला क्षेत्रांतर्गत एनसीएल एनटीपीसी एवं अन्य औद्योगिक क्षेत्रो में कार्य करने वाली सभी ओ.बी कम्पनियां सिंगरौली जिले के स्थानीय लोगो को 70 प्रतिशत तक कार्य देना सुनिश्चित करे। जिसमें विस्थापितो को प्रथम प्राथमिकता दिया जाये उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित ओ.बी कम्पनियो के प्रबंधको प्रतिनिधियो के बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया। विदित हो कि कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ओ.बी कम्पनियो के साथ बैठक स्थानीय लोगो को रोजगार के संबंध में आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर द्वारा उपस्थित कम्पनियो के प्रतिनिधियो से परिचय प्राप्त कर सिंगरौली जिले के कितने लोगो को कार्य दिया गया है क्रमश: जानकारी ली गई। तत्पश्चात निर्देश दिया गया कि मेरे पास कई शिकायतो इस आशय की प्राप्त हुई है कि ओ.बी कम्पनियां बाहर के लोगो को कार्य दे रही है। सिंगरौली जिले के लोगो को बहुत कम प्रतिशत में कार्य दिया है।जो अत्यन्त ही खेद जनक है जबकि पूर्व बैठक में इस आशय के निर्देश दिये गये थे कि सिंगरौली जिले के 70 प्रतिशत लोगो को अनिवार्य रूप



से ओ.बी कम्पनिया कार्य पर रखे। कलेक्टर ने इस आशय के भी निर्देश दिये कि सभी कम्पनिया एक डाटा तैयार करे तथा सिंगरौली जिले के कितने लोगो को अपने अपने कम्पनियों मे कार्य दिये है उनका नाम, पता सहित अंकित करे तथा तीन प्रतियों में तैयार करे जो एसडीएम कार्यालय एनसीएल कार्यालय तथा श्रम विभाग को दिया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि अब जिन मजदूरो के आवेदन कम्पनियो में प्राप्त होगे उनका सत्यापन प्रथम श्रम विभाग तत्पश्चात उपखण्ड अधिकारी एवं एनसीएल प्रबंधन के द्वारा करने के पश्चात उन्हे कार्य पर रखा जायेगा। तथा सत्यापन संबंधित आवेदनकर्ता के निवास स्थल के मतदाता सूची से मिलान करने के पश्चात किया जायेगा। कलेक्टर ने इस आशय के भी कड़े निर्देश दिये कि निर्देशो का पालन न करने वाली कम्पनियो के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। साथ ही इस आशय के भी निर्देश दिये गये है कि कम्पनियो में मजदूरो का सोषण न हो निर्धारित समय तक ही उनसे कार्य लिया जाये निर्धारित दर के अनुसार समय पर उनका भुगतान किया जाना सुनिश्चित करे। किसी भी सूरत में जॉच के दौरान यदि सिंगरौली जिले के 70 प्रतिशत से कम मजदूर यदि पाये गये तो उक्त विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। विस्थापित लोगो को प्रमुखता के साथ कार्य दिया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिये कि नियुक्ति में पारदर्शीता लाने के लिए पोर्टल का निर्माण किया जाये ताकि काई भी व्यक्ति उस पोर्टल के माध्यम से देख सके कि सिंगरौली जिले क कितने लोगो को कार्य पर रखा गया है।

**शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी के निर्देशन में समाज कार्य विभाग द्वारा चेतना फ्लैगशिप के अंतर्गत शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन विषय पर आइक्यूएसी के तत्वावधान में शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया।**



## स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

### 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति की अवधि तक के लिए धारा 144 के तहत आदेश जारी

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र-10 में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराया जाना है। निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-10 की राजस्व सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह प्रतिबंधात्मक आदेश मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व तक यानी 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति की अवधि तक के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जारी किया गया है। चूंकि यह आदेश जन साधारण पर लागू है तथा परिस्थितिवश पर्याप्त समय उपलब्ध न होने के कारण जन सामान्य को इस सूचना की तामीली नहीं की जा सकती। इसलिए इसे दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 (2) के तहत एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय दण्ड संहिता 1860 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के अंतर्गत प्रतिबंध की अवधि के दौरान कोई भी व्यक्ति चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की आमसभा, रैली आदि आयोजित नहीं करेगा और न ही उसमे सहभागिता करेगा। कोई भी व्यक्ति चुनाव संबंधी किसी भी प्रचार सामग्री को टेलीवीजन, रेडियो, सोशल मीडिया आदि माध्यमों से प्रसारित नहीं करेगा और न ही चुनाव प्रचार के लिए किसी भी प्रकार के संगीत, मनोरंजन अथवा अन्य प्रकार के कार्यक्रम करेगा अथवा करवाएगा। इस अवधि में द्वार-द्वार सम्पर्क पर प्रतिबंध नहीं होगा। जिला मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के प्रमाणीकरण के बिना कोई भी राजनैतिक दल, उम्मीदवार, संस्था अथवा व्यक्ति प्रिंट मीडिया में किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित नहीं करा सकेगा। लाउड स्पीकर का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मतदाताओं को नगदी वितरित करना, धमकाना, उनका प्रतिरूपण तथा मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि के भीतर प्रचार अथवा सम्पर्क प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्वाचन अपराधों की श्रेणी में आने वाला भ्रष्ट आचरण है।

जारी आदेश के अनुसार 24 अप्रैल को शाम 6 बजे के बाद राजनैतिक दलों के पदाधिकारी अथवा उम्मीदवारों द्वारा चुनाव प्रचार में संलग्न ऐसे सभी व्यक्ति जो रीवा संसदीय क्षेत्र-10 के निर्वाचक नहीं हैं वे रीवा जिला की सीमा के भीतर उपस्थित नहीं रहेंगे। प्रतिबंध की अवधि के दौरान कोई भी व्यक्ति अपने स्वयं के मतदाता परिचय पत्र के अलावा किसी अन्य व्यक्ति का मतदाता परिचय पत्र अपने पास नहीं रखेगा और न ही किसी स्थान पर एकत्रित करेगा। उम्मीदवार के चुनाव प्रचार का कार्यालय मतदान केन्द्र परिसर की 100 मीटर की परिधि में संचालित नहीं होगा और न ही ऐसे किसी स्थान के पास भीड़ एकत्रित होने की अनुमति दी जाएगी। इस परिधि में चुनाव प्रचार संबंधी बैनर एवं पोस्टर न ही लगेंगे और न ही रहेंगे। इस परिधि में उम्मीदवार अथवा राजनैतिक दल अपने अस्थाई बूथ, टेंट, कैनोपी आदि स्थापित नहीं कर सकेंगे। जारी आदेश के अनुसार उम्मीदवारों अथवा राजनैतिक दलों द्वारा मतदाताओं को अशासकीय मतदाता पर्ची प्रदान करने के लिए बनाए गए बूथ मतदान केन्द्र की परिधि के 200 मीटर के भीतर स्थापित नहीं होंगे। इन बूथों पर एक टेबल और दो कुर्सियों के साथ 3 गुणा 1.5 फिट आकार के बैनर की ही अनुमति होगी। इसके अतिरिक्त किसी प्रकार के टेंट अथवा शामियाना के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। ये बूथ सहायक रिटर्निंग आफीसर अथवा स्थानीय निकाय की अनुमति के बिना स्थापित नहीं किए जाएंगे। बूथ का व्यय उम्मीदवार अथवा राजनैतिक दल को अपने निर्वाचन व्यय में जोड़ना आवश्यक होगा। ऐसे बूथों द्वारा वितरित पर्ची किसी उम्मीदवार अथवा दल के चिन्ह अथवा फोटो के बिना सादे सफेद कागज की होगी। जारी आदेश के अनुसार उम्मीदवार को मतदान दिवस पर स्वयं, अपने निर्वाचन एजेण्ट और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र हेतु अपने कार्यकर्ता अथवा दल के कार्यकर्ता के लिए प्रत्येक को एक वाहन और अधिकतम 10 वाहनों की अनुमति दी जा सकेगी। वाहनों की अनुमति प्राप्त करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अपनाना आवश्यक होगा। उम्मीदवार या एजेण्ट अथवा व्यक्ति द्वारा उम्मीदवार अथवा एजेण्ट की सहमति से अथवा कहने पर मतदाताओं के निःशुल्क परिवहन के लिए किसी प्रकार के वाहनों को नहीं लगाया जाएगा।

## मतदाता जागरूकता अभियान आओ हम मतदान करें, दस्तक अभियान आज

**रीवा**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत रीवा लोकसभा क्षेत्र के सभी 2014 मतदान केन्द्रों में 24 अप्रैल को आओ हम मतदान करें-दस्तक अभियान का आयोजन किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत सर्वप्रथम प्रातः 9 बजे मतदान केन्द्र पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) की बैठक आयोजित की जायेगी। उक्त बैठक में बीएजी के सदस्यों के अतिरिक्त अधिक से अधिक मतदाताओं को शामिल किया जायेगा। बैठक में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने की रणनीति तैयार की जायेगी। बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) की बैठक के दौरान मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर कार्यक्रम, रंगोली आदि नवाचारों का आयोजन किया जायेगा। तदुपरांत बीएलओ के नेतृत्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका, आशा/आशा कार्यकर्ता, सचिव/जीआरएस (नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारी) एवं सिविल सोसायटी के सदस्यों का दल प्रत्येक मतदाता के घर जाकर उन्हें पीले चावल प्रदान कर उन्हें मतदान करने के लिये आमंत्रित करेंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देश दिये कि संपूर्ण अभियान में किसी भी मतदाता का घर न छूटने पाये। आओ हम मतदान करें-दस्तक अभियान की निगरानी का दायित्व संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट का होगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट कार्यक्रम के आयोजन उपरांत अपना प्रतिवेदन सहायक रिटर्निंग आफीसर के माध्यम से निर्वाचन कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

## मतदाता जागरूकता के तहत दस्तक अभियान का आयोजन आज

**रीवा**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधि के तहत आगामी 24 अप्रैल को दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास के तहत जिले में अभिनव पहल कर 24 अप्रैल को मतदाता दस्तक अभियान के आयोजन में बूथ लेवल जागरूकता दल, बीएलओ तथा राजस्व अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान दिवस, मतदान केन्द्र तथा मतदान के समय की जानकारी देंगे तथा उन्हे मतदान करने के लिए प्रेरित करें। दस्तक अभियान में नए मतदाताओं को भी लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि सभी मतदाता 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

## निर्माण एजेंसियाँ 27 अप्रैल तक खुदाई/टैचिंग कार्य बंद रखें

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 24 अप्रैल से 27 अप्रैल की अवधि में किसी भी प्रकार की खुदाई/टैचिंग कार्य न कराएं साथ ही कार्यपालन यंत्री विद्युत मण्डल बीएसएनएल के दूरभाष केन्द्रों में सतत विद्युत आपूर्ति संचालित किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव का मतदान प्रस्तावित है। अतः इस दौरान दूर संचार सेवाएं संचालित किया जाना आवश्यक है। बीएसएनएल की फाइबर की कनेक्टिविटी में अवरोध न आए अतः उक्त अवधि में किसी भी प्रकार की खुदाई व टैचिंग कार्य बंद रखा जाए।

## उपार्जन केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें : कलेक्टर

### उपार्जित गेंहू का परिवहन व भण्डारण कराते हुए किसानों को भुगतान कराएं : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समर्थन मूल्य पर गेंहू, चना तथा सरसों उपार्जन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं। खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए छाया, पानी की समुचित व्यवस्था रहे। सभी केन्द्रों का नियमित भ्रमण करें तथा उपार्जित गेंहू का उसी दिन परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं साथ ही उपार्जित गेंहू की राशि का संबंधित किसानों को भुगतान भी



कराना सुनिश्चित करें। सभी सहकारी समितियों को उपार्जन के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिन समितियों द्वारा अधिक मात्रा में गेंहू का उपार्जन कर लिया गया है और व्यवस्थित भण्डारण नहीं हुआ है उनको नोटिस जारी करें। सभी उपार्जन केन्द्रों में उपार्जित गेंहू के परिवहन के लिए पर्याप्त मात्रा में ट्रकों की व्यवस्था कराएं। इन निर्देशों का पालन न करने तथा लापरवाही बरतने वाली समितियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें।

कलेक्टर ने कहा कि खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। खरीदी केन्द्रों एवं गोदामों की मैपिंग गूगल शीट में करके उसके माध्यम से निगरानी करें। उपार्जन से जुड़े अधिकारियों की प्रतिदिन गूगल मीट के माध्यम से बैठक लेकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उपार्जन केन्द्र में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण और समय पर किसान को भुगतान सुनिश्चित कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, सहायक आपूर्ति अधिकारी सुभाष द्विवेदी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने 15 आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**रीवा**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 15 आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए हैं। लोकसभा चुनाव के समय कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। आदतन अपराधियों को बार-बार समझाइश के बावजूद इनके आचरण में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। इनके कृत्यों से जनमानस में आतंक एवं भय व्याप्त है। इनका स्वच्छंद रहना आमजनता के लिए हितकर नहीं है जिसके कारण कलेक्टर द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर की कार्यवाही की गई है। इन सभी आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए रीवा जिले की राजस्व सीमाओं सहित मऊगंज, सिंगरौली, सीधी तथा सतना जिले की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने अनूप शर्मा निवासी रहट थाना चोरहटा हाल सेमरिया, अरूण उर्फ रघ्घू तिवारी निवासी बहुरीबांध थाना चोरहटा, विकास रावत निवासी महसुआ थाना रायपुर कर्चुलियान, राजा साकेत निवासी ए.जी. कालेज हरिजन बस्ती थाना सिविल लाइन रीवा, रोहित त्रिपाठी निवासी ग्राम बड़ाछ थाना पनवार, पप्पू उर्फ जितेन्द्र मिश्रा निवासी ग्राम शाहपुर थाना सिरमौर, नीरज त्रिपाठी निवासी ग्राम छिरहटा थाना सेमरिया, उदय प्रकाश मिश्रा निवासी उलहीकला थाना मनगवां, सचिन पटेल निवासी ग्राम बसेड़ा थाना मनगवां, अजहर मंसूरी उर्फ अज्जू निवासी रायपुर कर्चुलियान थाना रायपुर कर्चुलियान, साहिल खान उर्फ सोहेल खान निवासी ग्राम त्योंथर वार्ड क्रमांक 7 थाना सोहागी, सचिन पटेल निवासी लखौरीबाग थाना चोरहटा, अमन सिंह चौहान निवासी चिल्ला थाना सोहागी, सुजीत प्रजापति निवासी खैरा नईबस्ती थाना चोरहटा तथा अजय शर्मा निवासी रहट थाना चोरहटा को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश दिया है।

## खुले बोरवेल, नलकूप एवं ट्यूबेल के संबंध में आपदा प्रबंधन हेल्पलाइन नंबर पर दी जा सकती है जानकारी

**रीवा।** आपदा प्रबंधन के लिए जिले में हेल्पलाइन नम्बर पर खुले बोरवेल, नलकूप एवं टयूबेल के संबंध में जानकारी दी जा सकती है। मोबाइल नम्बर 7648862100 पर इस संबंध में आमजन सूचना दे सकते हैं। जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र रविकांत पाण्डेय को इस कार्य हेतु नोडल नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि नोडल अधिकारी आमजन से प्राप्त सूचना/शिकायत की जानकारी एकत्र करने हेतु एक रजिस्टर रखेंगे तथा सूचना या शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल अवगत करायेंगे।

## मतदान और मतगणना दिवसों में शराब की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

**रीवा।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतगणना के लिए 4 जून की तिथि निर्धारित की गई है। मतदान और मतगणना दिवसों में शराब की बिक्री, परिवहन, भण्डारण, शराब वेयरहाउस एवं बॉटलिंग यूनिट पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि शांतिपूर्वक मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत मतदान तथा मतगणना दिवसों में सभी देशी तथा विदेशी शराब की मदिरा दुकानें बन्द कर रहेंगी। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व यानी 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना दिवस 4 जून को पूरे दिन जिले भर में मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। प्रतिबंध की अवधि में मदिरा का क्रय-विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

## सहायक यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में कर्मचारियों के नाम, पदनाम सहित अन्य संबंधित जानकारियाँ निर्वाचन शाखा को भेजने में अनियमितता पाए जाने पर सहायक यंत्री (चालू प्रभार) टीएचपी सिरमौर सतीश गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रभारी अधिकारी मतदान दल गठन डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि सतीश गुप्ता द्वारा निर्वाचन शाखा को गलत जानकारी प्रस्तुत की गई जिससे संबंधित की पद अनुरूप ड्यूटी नहीं लगाई जा सकी और कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।

## पीले चावल देकर मतदान करने के लिए दिया जा रहा है आमंत्रण



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। स्वीप गतिविधि के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल देकर मतदान करने के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत झौरा, मनिकवार, बरा कोठार, प्रतापगंज, बरेती खुर्द, मिसिरगवां, त्योंथर, नईगढ़ी, सेनुआ, नौवस्ता, चाकघाट, गुढ़, रायपुर, सुरसा खुर्द, चंदई, सिरमौर, गंगेव, समान, रघुराजगढ़, ओढ़की खुर्द में पीले चावल देकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है।

## रायपुर कर्चुलियान में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

**रीवा।** ब्रह्माकुमारीज केंद्र रायपुर कर्चुलियान की प्रभारी बीके रुचि बहन जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष श्री लाल बहादुर सिंह, श्रीमती मंजू सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ओंकार सिंह लेक्चरार, अरविंद सिंह, बड़े कृषक राज बहादुर सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, विवेक विश्वकर्मा कैमरामैन, छेदीलाल, प्रेम सिंह, राघवेंद्र सिंह ,राहुल सिंह संदीप सिंह हरिओम गुप्ता, छेत्रीय कृषक परिवार आदि।

लाल बहादुर जी ने धरती मां का दिल से सम्मान किया। उन्होंने बताया कि आज का जो विषय है निश्चित रूप से बहुत ही महत्वपूर्ण है आज मैं इस धरा को दिल से प्रणाम करता हूं। मां अनेक



झंझटों के बाद भी हमें धारण की हुई है। यहां हर प्रकार के जीव हैं उसके बावजूद भी वह अपनी गोद में रखी है। आने वाला जो समय है संकट वाला है हम सबको अभी सावधानी रखनी होगी। पहले के लोग धरती मां से निकला हुआ जल ग्रहण करते थे। आज के लोग बिसलेरी में पानी पीते हैं। यह कैसा दौर है यह बड़ा महत्वपूर्ण विषय है हम सबको इस विषय पर बड़ा ही गहन चिंतन करना होगा। तथा इस विषय को बड़े स्तर पर लाने का संकल्प लिया।

बीके रुचि बहन जी ने सबसे पहले धरती मां को नमन किया। यह हमारी ऐसी मां है जो हमारी हर जरूरत को पूरी करती है। जैसे अन्न को उगाने के लिए रासायनिक चीजों का प्रयोग किया जाता है जिस कारण धरती मां की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है। यहां पर हम जैविक और योग शक्ति से खेती करके अपने तन, मन व पर्यावरण को शुद्ध बना सकते हैं। जब योगिक खेती की बात आती है। तब वहां हमें अपने विचारों को और मन को सकारात्मक बनाना होता है। धरती मां को मां इसलिए कहा जाता है क्योंकि हर जीव को पालती है। आज का मानव इतना बुद्धिजीवी होते भी ऐसे कर्म करता है जिसका प्रभाव संपूर्ण धरती मां पर पड़ रहा है। कर्मों से ही एक दिन यह सृष्टि स्वर्ग थी और आज नर्क है। जब यह धरती स्वर्ग थी तो हर मनुष्य देवता समान था। फिर महात्मा, धर्मात्मा पुण्यात्मा,पापात्मा बनी। हमें खुद को चेक करना होगा कि हम किस लिस्ट में हैं। हम सब का रचयिता परमात्मा हमारी मां है जिन्होंने पहले स्वर्ग बनाया जहां धरती सोना उगलती थी लेकिन आज धरती बिल्कुल बदल गई है। उसका मूल कारण है मनुष्य के कर्म।

## आकांक्षा एवं मीना ने अपनी शादी में आने से पहले लोगों से की मतदान की अपील



**रीवा।** सिरमौर की चकदही निवासी आकांक्षा तिवारी एवं रीवा शहर के ढेकहा मोहल्ला की निवासी मीना कुशवाहा की शादी आगामी 26 अप्रैल को हो रही है। इसी दिन लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान कराया जाएगा। आकांक्षा एवं मीना ने अपनी शादी में लोगों से आने से पहले मतदान अवश्य करने की अपील की है। उन्होंने अपील में कहा है कि मतदान एक ऐसी ताकत है जो हमारे देश को बदल सकता है। अतः सभी मतदाता लोकतंत्र के इस पर्व में अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833